राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

सुरत-गुजरात, संस्करण शनिवार,18 जुलाई2020 वर्ष-3, अंक -172 पृष्ठ-04 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

## भाजपा सरकार झूठे दावों के बल पर काट रही है अपने दिनः अखिलेश



**लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है यादव ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते देश को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केन्द्र की हो या राज्य की झूठे दावों के बल पर अपने दिन काट रही है। उसके लिए उन्हें न तो संकोच है और नहीं अफसोस है। लुभावनी योजनाओं के बल पर भाजपा सरकार जनता को भ्रमित ही करती है। अब जनता के सामने सब सच्चाई आने लगी है। यही जनता एक दिन भाजपा से पूरा हिसाब लेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट की आड़ में भाजपा ने देश की बिगड़ती स्थितियों को छुपाने का काम चतुराई से किया है। शीर्ष नेतृत्व से लेकर दूसरे भाजपा नेता यही दावा करते रहते हैं कि तमाम दिक्कतों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण हैं। भाजपा के इन दावों की पोल खुद स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एसबीआई) के एक शोध और क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी इक्रा की रिपोर्ट से खुल गई है। बताया गया है कि जून में खुदरा मंहगाई दर 6.98 फीसदी रही हैं। अभी मंहगाई और बढ़ने के आसार है। जनता की जेब खाली है। जिन्दगी के दिन और संकटमय होंगे। यादव ने कहा कि एसबीआई की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में और वृद्धि होगी। इससे जनसामान्य का घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित होना है। अभी भी खाद्य वस्तुओं के अलावा सब्जियों के दाम काफी बढ़े हुए हैं। डीजल के दामों में हालिया वृद्धि से परिवहन मंहगा हुआ है उससे भी सामान ढुलाई के दाम बढ़ने से बाजार पर बुरा असर पड़ा है। बैंको में फंसे कर्ज की हालत सुधरने के आसार नहीं, उनका एनपीए बढ़ने की ही पूरी सम्भावना बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी के निर्णयों से, जो जल्दबाजी में बिना दूरगामी परिणाम सोचे, लागू किए गए उनसे उद्योग-व्यापार जगत को बहुत क्षति पहुंची है। कई क्षेत्रों में इससे नौकरियों में छंटनी से बेरोजगारी बढ़ गई। नए उद्योग लगने बंद हो गए। सरकारी बैंकों की हालत खस्ता है उनकी समस्याएं सरकार की नीतियों में विसंगतियों के चलते बढ़ती जा रही हैं। उनका प्रदर्शन कमजोर बना हुआ है और उनकी हिस्सेदारी तेजी से निजी बैंकों के पास जा रही है। भाजपा औद्योगिक घरानों को बैंकों का स्वामित्व सौंप दे तो आश्चर्य नहीं। यह खेल बहुत खतरनाक होगा। यादव ने कहा कि क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी इक्रा ने तो यह अनुमान जारी किया है कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्तवर्ष 2020-21 में 9.5 प्रतिशत संकुचित होगी, जबकि पहले पांच प्रतिशत संकुचन का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य सांख्यिकी विद प्रणव सेन ने तो इस वित्तवर्ष में अर्थव्यवस्था में 12.5 प्रतिशत की तेज गिरावट की भविष्यवाणी की है। इसमें दो राय नहीं कि कोरोना की महामारी के चलते लागू लॉकडाउन ने देश के जनजीवन को ही नहीं आर्थिक जगत में भी उथलपुथल मचा दी है।

इसके चलते सभी राज्यों में नौकरियां जा रही हैं। खेती-किसानी भी प्रभावित हो रही है। गृह निर्माण, ऑटो मोबाइल, सररफा क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ा है। ट्रेन, बस, हवाई सेवाओं पर भी कोरोना से उत्पन्न आपात स्थिति का असर साफ दिखाई पड़ रहा है।

## महाराष्ट्र के मंत्री का दावा, कांग्रेस के संपर्क में भाजपा के कुछ विधायक

**मुंबई।**

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एवं कांग्रेस की नेता यशोमती ठाकुर ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रदेश में भाजपा के 105 में से कुछ विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और अगर उनके नाम सार्वजनिक कर दिए गए तो भूकंप आ जाएगा। भाजपा की सत्ता की भूख और उनकी गंदी राजनीति के लिए विपक्षी दल पर हमला बोलते हुए ठाकुर ने कहा कि महाराष्ट्र ने देश को एक नया सूत्र दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिव सेना की अगुवाई वाली महा विकास अघाडी सरकार स्थिर है। ट्विटर पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए ठाकुर ने भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर हमला बोला और कहा कि वह ऐसे लोगों से घिरे हैं जो बाहरी है। वह उन नेताओं का हवाला दे रही थी जिन्होंने प्रदेश में पिछले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस एवं राकांपा छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। ठाकुर ने कहा, यह दर्शाता है कि वे कितने कमजोर हैं। भाजपा के 105 विधायकों में से कितने लोग दूसरे दलों से आये हैं ? क्या आप गारंटी लेते हैं कि वे सब हमेशा भाजपा के साथ रहेंगे? पार्टी के 105 विधायकों में से उन विधायकों के नाम का खुलासा हो जाये, जो कांग्रेस के संपर्क में हैं तो भूकंप आ जाएगा। कांग्रेस नेता ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र में बहुमत की सरकार होने के बावजूद यह राज्यों में दूसरी पार्टी की सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश की महिला एवं बाल कल्याण विभाग मंत्री ने कहा, भाजपा की सत्तालोलुपता और गंदी राजनीति कर्नाटक, मध्य प्रदेश और अब राजस्थान में दिखी है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र सरकार स्थिर है, राज्य ने देश को नया सूत्र दिया है और मुझे लगता है कि यह सफल होगा। पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में शिवसेना, कांग्रेस एवं राकांपा ने मिल कर उद्धव ठाकरे की अगुवाई में सरकार का गठन किया था।



## नेपाल को साधने के लिए आई.बी., रॉ चीफ ने काठमांडू में डाला डेरा

**नई दिल्ली।** लद्दाख में गलवान घाटी को लेकर चीन के साथ दो-दो हाथ हो रही केंद्र सरकार मित्र पड़ोसी देश नेपाल में ताजा घटनाक्रम पर बेहद चिंतित है। भारत ने अपने सुरक्षा एवं गुप्तचर प्रतिष्ठान के दो शीर्ष सुरक्षा अधिकारी नेपाल भेजे हैं जो वहां भारत-विरोधी भावनाएं ठंडी करने के लिए गत चार-पांच दिनों से काठमांडू में डेरा डाले हुए हैं। नेपाली प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली का राजनीतिक भविष्य तय करने के लिए होने वाली सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की शक्तिशाली स्थायी समिति की बैठक से पहले-पहले ये अधिकारी वहां भारत के पक्ष में समर्थन मजबूत कर लेना चाहते थे। रिसर्च एंड एनालसिस विंग (रॉ) के प्रमुख सामंत कुमार गोयल व इंटैलीजैंस ब्यूरो (आई.बी.) के चीफ अरविंद कुमार इन चार-पांच दिनों में नेपाल के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से बातचीत करने में संलग्न रहे। इन दोनों अधिकारियों ने वहां से केंद्र सरकार को सूचित किया कि एक के बाद एक नया मुद्दा उठाने वाले ओली चीनी राजदूत के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। ओली ने भारत को खिझाने के लिए कुछ दिन पहले ही भगवान राम के संबंध में विवादास्पद बयान दिया है। इन दोनों शीर्ष अधिकारियों ने हालात का जायजा लेकर जो निष्कर्ष निकाला है, वह यह है कि चीन नेपाल को विदेशी और घरेलू मुद्दों पर अपने अनुसार चला रहा है। प्रचंड समेत वामदलों के नेताओं में से कोई भी ओली को भारत-विरोधी रुख अपनाने से रोक नहीं पाया है।

### संक्षिप्त समाचार



## बाबा अमरनाथ के दर्शन कर सकते हैं राजनाथ सिंह, सुरक्षा के कड़े इंतजामः मीडिया रिपोर्ट्स

**नेशनल डेस्क।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुरक्षा हालात का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को एक दिवसीय दौर पर लेह-लद्दाख पहुंचे। राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर का भी दौरा करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्री दर्शन के लिए बाबा अमरनाथ गुफा जा सकते हैं और पहले से ही इसकी व्यवस्था भी कर ली गई है। हालांकि इस खबर की पुष्टि नहीं है कि राजनाथ सिंह बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे या नहीं। हालांकि एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पक्का नहीं कहा जा सकता कि वे दर्शनों को आएंगे या नहीं लेकिन अगर वो दर्शन करना चाहेंगे तो हमने व्यवस्था कर ली है। राजनाथ सिंह शुक्रवार रात श्रीनगर में ही रहेंगे और शनिवार को दिल्ली वापिस लौटेंगे। बता दें कि इस साल बाबा अमरनाथ यात्रा कोरोना के चलते सिर्फ 10 दिनों की है। बता दें कि शुक्रवार सुबह राजनाथ सिंह लद्दाख पहुंचे और ऊंचाई वाले एक अग्रिम अड्डे पर सैन्य अभ्यास देखा जिसमें हमलावर हेलीकॉप्टरों, टैंकों के साथ कमांडो भी शामिल हुए। सैन्य अभ्यास में थल सेना और वायु सेना ने क्षेत्र में तैयारियों का प्रदर्शन किया। क्षेत्र में भारत और चीन तीखे सीमा गतिरोध में उलझे हुए हैं। सैन्य अभ्यास में बड़ी संख्या में कमांडो, टैंक, बीएमपी युद्धक वाहनों, अपाचे, रुद्र और एमआई -17 वी5 हेलीकॉप्टरों ने भाग लिया। जवानों ने रक्षा मंत्री सिंह की मौजूदगी में पैरा ड्रॉपिंग और अन्य करतबों का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत और थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे भी मौजूद थे।

## हांगकांग मुद्दे ने चीन के खिलाफ एकजुट की दुनिया

**न्यूयार्क।** चीन द्वारा हांगकांग में लागू किए गए राष्ट्र सुरक्षा कानून के बहाने दुनिया भर के देशों ने चीन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक तरफ अस्ट्रेलिया और कनाडा ने इस मुद्दे को लेकर चीन के साथ की गई प्रत्यर्पण संधियों को रद्द किया है तो वहीं दूसरी तरफ यूके ने इसी बहाने चीन की कंपनी हुवेवाई को ब्रिटेन के 5 जी नेटवर्क से बाहर का रास्ता दिखा दिया। हालांकि यूके ने हुवावेई को ब्रिटेन से बेदखल करने के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया लेकिन माना जा रहा है कि ब्रिटेन भी चीन के द्वारा हांगकांग में दिए गए धोखे के कारण गुस्से में है। ब्रिटेन अपने अगले कदम के तौर पर चीन से होने वाले अन्य आयात पर पाबंदिया लगाने की भी सोच रहा है। चीन की इस खिलाफ में ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ही नहीं है बल्कि यूरोपियन यूनियन भी अगले हफ्ते हांगकांग को किए जाने वाला निर्यात बंद कर सकता है। यूरोपीय देशों से हांगकांग को बंद किए जानेवाला निर्यात रक्षा क्षेत्र से संबंधित है और अब यूरोपियन देश भी हांगकांग को मेन लैंड चाइना के हिस्से के तौर पर देख रहे हैं। दरअसल साम्राज्यवाद के दौर में हांगकांग भी किसी वक्त ब्रिटेन के अधीन हुआ करता था और 1997 में ब्रिटेन ने हांगकांग को आजादी दी थी। इस इसइस स्वायत्ता के चलते हांगकांग में लोगों को इंटरनेट फ्रीडम के अलावा फ्रीडम ऑफ स्पीच की भी सुविधा थी। इसके साथ ही हांगकांग के लोग को स्वतंत्र न्यायपालिका की भी सुविधा थी। लेकिन चीन द्वारा हांगकांग ने राष्ट्र सुरक्षा कानून थोपे जाने के बाद हांगकांग के लोगों से ये सारे अधिकार छिन गए हैं।

### राजस्थान हाईकोर्ट

# सचिन पायलट और विधायकों की अयोग्यता पर हाईकोर्ट की रोक, सोमवार को होगी सुनवाई

**नेशनल डेस्क।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस के खिलाफ असंतुष्ट विधायकों की याचिका पर सुनवाई सोमवार के लिये स्थगित कर दी। इससे सचिन पायलट और कांग्रेस के 18 अन्य असंतुष्ट विधायकों को जारी अयोग्यता नोटिसों पर स्पीकर की किसी कार्रवाई से शुक्रवार को चार दिनों के लिये राहत मिल गई। असंतुष्ट विधायकों की याचिका की सुनवाई कर रही खंडपीठ ने शुक्रवार शाम मामले की सुनवाई स्थगित कर दी और इसकी अगली सुनवाई के लिये सोमवार पूर्वाह्न 10 बजे का समय निर्धारित किया है। स्पीकर के वकील ने अदालत को आश्वस्त किया कि मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे तक नोटिस पर कोई आदेश जारी नहीं किया जाएगा। इससे पहले, स्पीकर सी पी जोशी ने अदालत को पत्र लिख कर कहा था कि नोटिस पर शुक्रवार शाम पांच बजे तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उनके वकील इस समय सीमा को मंगलवार शाम पांच बजे तक बढ़ाने के लिये सहमत हो गये क्योंकि याचिका पर आदेश आना अभी बाकी है। याचिका में नोटिस को कांग्रेस की एक शिकायत के आधार पर चुनौती दी गई है, जिसमें पार्टी ने कहा था कि पार्टी व्हिप की अवज्ञा करने को लेकर विधायकों को राजस्थान विधानसभा की सदस्यता के लिये अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत महंती और न्यायमूर्ति प्रकाश गुप्ता की पीठ ने कांग्रेस के मुख्य सचेतक महेश जोशी से असंतुष्ट विधायकों की याचिका पर शनिवार तक जवाब दाखिल करने को कहा। जोशी ने स्पीकर के समक्ष शिकायत दी थी। पायलट खेमे ने दलील दी है कि पार्टी का व्हिप तभी लागू होता है जब विधानसभा का सत्र चल रहा होता है। स्पीकर को दी गई अपनी शिकायत में कांग्रेस ने पायलट और अन्य बागी विधायकों के खिलाफ संविधान की 10वीं अनुसूची के पैराग्राफ 2(1)(ए) के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक सदन में जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उसकी सदस्यता यदि अपनी मर्जी से त्याग देते हैं।

तो यह प्रावधान उक्त विधायक को अयोग्य करार देता है। कांग्रेस का दावा है कि विधायकों के आचरण से यही मतलब निकलता है। लेकिन असंतुष्ट खेमे ने कहा कि पायलट ने पार्टी छोड़ने के इरादे के बारे में कभी संकेत नहीं दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत करने के बाद पायलट को उप मुख्यमंत्री पद से और प्रदेश कांग्रेस इकाई प्रमुख पद से बर्खास्त कर दिया गया है।



## एक सप्ताह में लगातार 5 बार जला बिजली ट्रांस्फार्मर तो भडक़े लोग, किया विरोध प्रदर्शन

**साम्बा ।** विजयपुर के वार्ड-7 और 8 के लोगों ने आज बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पिछले एक सप्ताह में इलाके के बिजली ट्रांस्फार्मर के लगातार 5 बार जल जाने से गुस्साए लोग आज विभाग के कार्यालय में पहुंचे लेकिन एक्सियन को वहां न पा कर यह लोग एसडीएम कार्यालय आ पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों ने बिजली विभाग और एक्सियन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ नगर पालिका के चेयरमैन दीपक कुमार, वार्ड-7 की पार्षद कमला देवी, वार्ड-8 के पार्षद गणेश शर्मा भी मौजूद रहे। पार्षद कमला देवी ने बताया कि बिजली न आने के कारण लोगों को बरात-रात भर जागना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगाते ही ट्रांस्फार्मर जल जाते हैं इसलिए इनकी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। वहीं स्थानीय निवासी शंकार सिंह ने कहा कि एक ओर सरकार कह रही है कि कोरोना से बचाव के लिए घर पर रहें और वहीं दूसरी ओर बिजली-पानी बंद कर लोगों को सडक़ों पर आने को मजबूर कर रही है। नपा अध्यक्ष दीपक कुमार ने आरोप लगाया कि बीते 3 साल में विजयपुर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है जिसे ठीक न किया गया तो वह लोगों के साथ सडक़ों पर उतरेंगे। बाद में एसडीएम चंद्र प्रकाश कोतवाल लोगों से मिले और उन्हें आश्वासन दिया कि वह वार्ड में आकर जायजा लेंगे। दोपहर बाद बिजली विभाग के एक्सियन के मौके पर पहुंचे एसडीएम ने 400 केवीए के ट्रांस्फार्मर की जगह 630 केवीए का ट्रांस्फार्मर लगाने का निर्देश दिया जिसके बाद लोग संतुष्ट हुए। केवीए का ट्रांस्फार्मर लगाने का निर्देश दिया जिसके बाद लोग संतुष्ट हुए। एसडीएम ने लोगों को आश्वासन दिया कि दूसरे ट्रांस्फार्मर को भी जल्द अपग्रेड किया जाएगा।

## शाह से मुलाकात के बाद बोले फडणवीस, महाराष्ट्र में नहीं चलेगा ऑपरेशन लॉटस

**मुंबई।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में आपरेशन लोटस नहीं हो रहा है क्योंकि महा विकास अघाड़ी सरकार अपने ही अंतर्विरोधों के कारण गिर जायेगी । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में यह बयान दिया। फडणवीस ने दावा किया कि शाह के साथ उनकी मुलाकात गैर राजनीतिक थी क्योंकि इसका मकसद प्रदेश के चीनी उद्योगों के लिये आर्थिक सहायता की मांग करना था। भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र में कोरोना वायरस की स्थिति से भी शाह को अवगत कराया है और इसके लिये प्रधानमंत्री से मुलाकात का वक्त मांगा है। बैठक के बारे में फडणवीस ने कहा, इस दौरान कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुयी। हम राज्य सरकार को अस्थिर करने के इच्छुक नहीं हैं....यह समय कोरोना वायरस से संघर्ष का है। उन्होंने बताया, महाराष्ट्र में आपरेशन लोटस नहीं होगा...हमने पहले ही कहा है कि सरकार में अपने अंतर्विरोध हैं और हम देखेंगे कि यह कब गिरती है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में किसी भूमिका के बारे में जानकारी दी गयी है। यह पूछे जाने पर कि पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ नेता आपके साथ थे।

## दिल्ली सरकार ने गुटखे और पान मसाले पर जारी प्रतिबंध को एक साल और बढ़ाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गुटखे और पान मसाले के निर्माण, भंडारण, बिक्री और वितरण पर लागू प्रतिबंध को एक और साल के लिए विस्तार दे दिया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डीएन सिंह ने बुधवार को इन उत्पादों पर प्रतिबंध के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डीएन सिंह ने बुधवार को इन उत्पादों पर प्रतिबंध के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) जन स्वास्थ्य के हित में गुटखा, पान मसाला, तंबाकू, खर्रा आदि के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर एक साल की अवधि के लिए रोक लगाते हैं। दिल्ली सरकार का खाद्य सुरक्षा विभाग पिछले चार वर्षों से गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध के संबंध में अधिसूचना जारी कर रहा है। हालांकि, शहर में सिगरेट को लेकर यह प्रतिबंध लागू नहीं है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डीएन सिंह ने बुधवार को इन उत्पादों पर प्रतिबंध के संबंध में एक अधिसूचना जारी की।

## विभाग की लापरवाही के कारण गंदा पानी पीने को मजबूर ऊधमपुरवासी

**ऊधमपुर।** पी.एच.ई विभाग की तरफ से सप्लाई किए जाने वाला पीने का पानी की सप्लाई इतनी गंदी है कि उसे पीना तो दूर उसे किसी अन्य काम में भी नहीं लाया जा सकता है। पानी की दूषित सप्लाई को लेकर लोगों में पी.एच.ई विभाग के प्रति काफी रोष है। स्थानीय नागरिक अजय कुमार, विनय शर्मा, भारत भूषण, केवल कुमार, शाम कुमार आदि ने बताया कि इन दिनों पी.एच.ई द्वारा जो पीने की सप्लाई दी जा रही है वह काफी दूषित है। उनका कहना था कि पानी इतना गंदा है कि वह पीने के लायक तो दूर वह किसी अन्य इस्तेमाल में लाने लायक नहीं है। इसलिए अब उन्हें पीने के पानी के लिए प्राकृतिक स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इतना गंदा पानी पीने से लोग बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इतना गंदा पानी पीने से लोग बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही दूषित पानी सप्लाई की समस्या को दूर नहीं किया गया तो उन्हें सडक़ों पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा।

## कोरोना पर राहुल गांधी ने फिर की भविष्यवाणी, बताया अगस्त में कितने होंगे मामले

**नेश्नल डेस्क।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर कोरोना वायरस को लेकर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त तक देश में 20,00,000 से ज़्यादा संक्रमित होंगे। सरकार को महामारी रोकने के लिए ठोस, नियोजित कदम उठाने चाहिए। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि देश में हर रोज कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में रिकॉर्ड इज़ाफ़ा हो रहा है लेकिन सरकारी स्तर पर इस स्थिति में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि देश का आंकड़ा 10,00,000 का पार हो गया। इसी तेज़ी से कोविड-19 फैला तो 10 अगस्त तक 20,00,000 से ज़्यादा संक्रमित होंगे। कांग्रेस जब कोरोना का आंकड़ा 9 लाख के पार पहुंचा था तब भी राहुल गांधी ने इसी सप्ताह इसके 10 लाख होने की भविष्यवाणी की थी।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## साइबर असुरक्षा

जैसे-जैसे साइबर संसार बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे वहां सुरक्षा की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। समय के साथ साइबर दुनिया जरूरी होती जा रही है, लेकिन उससे जुड़े भय भी कम होने का नाम नहीं ले रहे। जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और सबसे सशक्त सॉफ्टवेयर कंपनी के संस्थापक बिल गेट्स के ट्विटर अकाउंट सुरक्षित नहीं हैं, तब बाकी अकाउंट्स की सुरक्षा का अनुमान मुश्किल नहीं है। इस तरह की साइबर हैकिंग से भले कोई बड़ा नुकसान हुआ न दिखता हो, पर इसने साइबर सुरक्षा व भरोसे में पहले से ही लगी सेंध को और चौड़ा तो कर ही दिया है। दरअसल, हम साइबर अपराध को अभी भी यथोचित गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार, दुनिया में प्रति मिनट 29 लाख डॉलर का नुकसान साइबर अपराध की वजह से हो रहा है। साल 2017 के आंकड़े बताते हैं कि प्रतिदिन साइबर दुनिया में करीब 7,80,000 दस्तावेज हेराफेरी या चोरी की भेंट चढ़े थे। ऐसा भी नहीं है कि साइबर सुरक्षा के काम में लगी एजेंसियां हाथ पर हाथ धरे बैठी हों। जैसे, करोड़ों की संख्या में पहुंच चुके एप्स में करीब 24,000 संदिग्ध एप्स प्रतिदिन बाधित किए जाते हैं, लेकिन ये कोशिशें ऊंट के मुंह में जीरा बराबर हैं। साल 2015 में तीन ट्रिलियन डॉलर साइबर अपराध की भेंट चढ़ गए थे और साल 2021 तक यह आंकड़ा छह ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। जिस तरह से साइबर दुनिया का विस्तार हो रहा है, उसी तरह से सुरक्षा उपायों और निगरानी तंत्र का विकास करना होगा। इस साल दुनिया भर में 300 अरब से ज्यादा पासवर्ड हो जाएंगे, बढ़ती संख्या के साथ उन्हें सुरक्षित रखने की चुनौती भी बढ़ती जाएगी। आए दिन किसी सोशल अकाउंट की हैकिंग मुख्यत- पासवर्ड की चोरी की वजह से ही संभव होती है। साइबर दुनिया के शातिर चोरों को पता है कि पासवर्ड का कौन-सा ताला कैसे खुल सकता है, इसलिए उनके लिए सरल पासवर्ड का अनुमान लगाना कठिन काम नहीं है। साइबर दुनिया में 21 फीसदी से ज्यादा फाइलें असुरक्षित हैं, उन पर किसी तरह का ताला नहीं है। आश्चर्य नहीं कि कंपनियों को तीन महीने बाद किसी डाटा या फाइल की चोरी का पता चलता है। जब व्यवस्थित कंपनियों को अपना डाटा सुरक्षित रखने में जोर आ रहा है, तब आम लोग कितने असुरक्षित होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ओबामा और गेट्स जैसी हस्तियों पर हुए साइबर हमलों के बाद दुनिया को ईमानदारी से सोचना चाहिए। सुगठित सरकारों, संगठित राजनीति व राजनेताओं पर भी खतरा बढ़ चुका है। साल 2017 में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों का ई-मेल हैक हो गया था और ऐसा चुनाव से कुछ ही पहले हुआ था। बहुत संभव है, इसका असर फ्रांस के चुनावों पर भी पड़ा हो। बहुत-सी हमारी बातें हैं, जिन्हें साइबर अपराधी हमसे कहीं ज्यादा जानते हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक और दुखद चेहरा है। दुर्भाग्य से साइबर अपराधी और डाटा चोरी को रोकना आसान नहीं है, क्योंकि नैतिकता का दावा करने वाली सरकारें भी अपने प्रतिस्पर्द्धियों से जुड़े डाटा चुराने में गुरेज नहीं करतीं। ऐसे में, सजग सरकारों को अपने-अपने दायरे में साइबर सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए। पूरी हैकिंग को कठघरे में खड़ा करने की बजाय नैतिक हैकिंग को बढ़ावा देना और अनैतिक हैकिंग पर चोट करने की जरूरत बहुत बढ़ गई है।



## आज के ट्वीट

### संदेश

भारत दुनिया का इकलौता देश है जिसने सारे विश्व को शांति का संदेश दिया है। हमने किसी भी देश पर कभी आक्रमण नहीं किया है और न ही किसी देश की ज़मीन पर हमने क़ब्ज़ा किया है। भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है। -- राजनाथ सिंह

# बाजारी ताकतों के रहमोकरम पर गरीब

देविंदर शर्मा

अमेरिका के पूर्व श्रम मंत्री रॉबर्ट ने एक दिन ट्वीट किया था 'अमेरिका के सबसे बड़े अमीर जो कुल आबादी का महज 1 फीसदी बनते हैं, उनके पास अमेरिकी स्टॉक मार्किट का आधे से ज्यादा हिस्सा है। साथ ही 10 प्रतिशत की संख्या वाले अमीर वर्ग के पास 92 प्रतिशत अंश है।' इसलिए जब राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि स्टॉक मार्किट ही अर्थव्यवस्था है तो वह जानते हैं कि किसके बारे में कह रहे हैं। खैर, ट्रंप ही ऐसे अकेले राष्ट्राध्यक्ष नहीं हैं, जिनका मानना है कि ऊपर उठती स्टॉक मार्किट देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति का प्रतिबिंब होती है। इस तरह की सोच रखने वाले नेताओं की फेहरिस्त काफी लंबी है। यह बताता है कि किस कदर क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने हमारे दिमागों में यह बात भर रखी है। यहां तक कि जिस दिन भारत की वित्त मंत्री ने वार्षिक बजट पेश किया था, तब भी तमाम निगाहें स्टॉक मार्किट पर थीं। जब पिछले सितंबर माह में निर्मला सीतारमण ने मंद पड़ी अर्थव्यवस्था के मद्देनजर घरेलू मांग को बढ़ावा देने हेतु अनेक उपायों की घोषणा की थी, उस वक्त भी कॉर्पोरेट टैक्स में 22 फीसदी की कमी करते हुए उद्योग जगत को 1.45 लाख करोड़ का भारी भरकम कर-राहत पैकेज थमा दिया गया था। अगले दिन स्टॉक मार्किट में इस पर जश्न मनाया गया था। शेयरों के भाव में 5 प्रतिशत तक का उछाल आया था, जो खबरों के अनुसार पिछले 10 सालों में सबसे ऊंचा था। अगर इतनी रकम गरीबों के हाथ में देने के लिए उलीकी गई होती तो भले ही स्टॉक मार्किट में तेजी न बनती लेकिन बाजार में वस्तु मांग अवश्य बढ़ जाती, जिससे आगे अर्थव्यवस्था को बल मिलता। फिलवक्त भी, जब कोविड-19 महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को चौपट कर रखा है, तब भी स्टॉक मार्किट में शेयरों के भाव तेजी से ऊपर उठ रहे हैं। इसे देखकर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल क्रुगमैन यह कहने से खुद को नहीं रोक पाए कि कुछ तो बहुत गलत चल रहा है। इसका सुबूत इस तथ्य में है कि मार्च 18 से जून 17 के बीच अमेरिका के सबसे बड़े खरबपतियों में से 614 की पूंजी में 584 खरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जबकि इस दौरान बेरोजगार अमेरिकियों की संख्या में 4.55 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। तिस पर तुर्रा यह कि 'क्वांटिटेटिव इजिंग' के उपाय हेतु अतिरिक्त करंसी नोट छापे गए हैं। फिच रेटिंग के मुताबिक 'ग्लोबल क्यू ई' पूंजी की खरीदो-फरोख्त 2020 में 6 ट्रिलियन डॉलर को छू जाएगी। वित्तीय और प्रॉपर्टी बाजार में उछाल लाने से अमीरों को और अधिक अमीर होने में मदद मिलती है। लेकिन आर्थिक मामलों पर चल रही बहसों में आम लोगों के हितों की खातिर क्यूई को काम में लेने की जरूरत पर कभी शायद ही कोई विचार-विमर्श होते पाया गया हो। यह बात समझ से बाहर है कि उक्त विषय आर्थिक मामलों की पढ़ाई का हिस्सा हो या मीडिया पर बहस हो, इस विषय को क्यों नहीं लिया जाता? भारत में अभी भी उद्योग जगत इस बात को लेकर काफी यत्न कर रहा है कि कॉर्पोरेट टैक्स में आगे 15 प्रतिशत की कमी करवाकर 2.5 लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त कर-राहत प्राप्त की जाए। इस पर ऑक्सफैम अध्ययन ने पहले ही कहा है कि अगर दुनिया के सर्वोच्च अमीरों पर अगले 10 सालों के लिए केवल 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त कर बढ़ा दिया जाए तो वैश्विक स्तर पर 11.7 करोड़ नौकरियों का सृजन किया जा सकता है। अगर हम इसे आर्थिक रूप से देखें तो यह करना बहुत बड़ी अक्लमंदी होगी। समग्र एवं सतत विकास को बढ़ावा देने को लिए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास मंच बताता है कि रोजगार और अच्छे पद वाली नौकरियों के सृजन अवसरों से अंततः विकास पैदा होता है। लेकिन तब मुख्यधारा के अर्थशास्त्री क्योंकर यह मांग नहीं करते कि सर्वोच्च अमीरों पर मामूली कर बढ़ोतरी से नौकरियों के अपार अवसर पैदा होंगे। अर्थशास्त्री बर्नी सैंडर्स का कहना है कि पिछले 30 सालों में कुल आबादी का 1 प्रतिशत अंश बनते सबसे बड़े अमीरों की पूंजी में 22.65 ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जबकि जनसंख्या का लगभग 50 फीसदी बनते समाज के निचले तबके की पूंजी में 776 खरब डॉलर का ह्रास हुआ है। बर्नी को अफसोस है कि पूंजी असमानता में बढ़ती यह खाई नैतिक रूप से 'अश्लील' है। भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एक मर्तबा कहा था कि कॉर्पोरेट के ऋण माफ करने से आर्थिक विकास बनता है। तब उनसे यह सवाल क्यों किया गया कि जब कॉर्पोरेट और किसान एक ही बैंक से कर्ज लेते हैं तो फिर कॉर्पोरेट का कर्ज माफ कर देने से अगर आर्थिक विकास बनता है तो किसानों की कर्ज माफी से देश का राष्ट्रीय बही खाता कैसे विचलित हो जाएगा? क्यों देश पुराने पड़ चुके उन आर्थिक सिद्धांतों पर आंख मूंदकर चलता रहे, जिनमें कहा जाता है कि कृषि क्षेत्र में लगे श्रम-बल को शहरी केंद्रों में स्थापित किए जाने की जरूरत है, क्या इसका मुख्य मंतव्य यह सुनिश्चित करना नहीं है कि कंपनियों को अपने शहरी मजदूरों को ऊंची तनख्वाहें न देनी पड़ें? क्या यह विचारधारा विशेष का अक्स नहीं है? ऐसा क्यों है कि जब भी कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश की बात आती है तो इसे अर्थव्यवस्था पर बोझ की तरह लिया जाता है? मसलन वैश्विक महामारी का हथौड़ा पड़ने पर ही सरकार को अहसास हुआ कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का क्या महत्व है? 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने हाल ही में कहा था: 'स्वास्थ्य तंत्र में भले ही सार्वजनिक-सरकारी भागीदारी बने, फिर भी सावर्जनिक क्षेत्र अपने जरूरी फर्ज निर्वहन से भाग नहीं सकता, क्योंकि अकेला निजी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाएं देने में नाकाफी है।' सार्वजनिक स्वास्थ्य की अहमियत पर जोर देने को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन यदि अकेले वित्त आयोग की रिपोर्ट को ही देखें, जिसको लेकर आर्थिक शिक्षा क्षेत्र में खासी चर्चा चली है, क्या हमारे भावी अर्थशास्त्री इस ओर नजर डालेंगे कि मौजूदा आर्थिक नीतियां ऐसे ढांचे का निर्माण करती हैं जहां सामाजिक सरोकार वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश लगातार कम होता चला जाता है, जिससे आगे समाज में बहुत बड़े अंतर वाली आर्थिक असमानता पैदा होती है। तथापि सबसे बड़ा सबक यह है कि अगर ब्रिटेन अपनी कुल सकल उत्पादकता का 9.6 प्रतिशत स्वास्थ्य तंत्र पर खर्च सकता है तो भारत क्यों नहीं इस रास्ते पर चलते हुए और कुछ नहीं तो 6 प्रतिशत से ही सही, लेकिन शुरुआत तो करे? क्योंकर वर्ष 2011-12 से 2017-18 के बीच कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र का निवेश जीडीपी का महज 0.4 फीसदी रहा है, वह भी तब जबकि यह क्षेत्र देश की कुल आबादी के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से को रोजगार मुहैया करवाता है? क्योंकर गरीब सदा ही हाशिए पर रहकर जीने को विवश हैं जबकि अमीरों को लगातार भारी भरकम ऋण माफी, कर-राहतें और सब्सिडियां विकास को बढ़ावा देने के नाम पर थमाई जाती हैं? क्यों हमारा समाजवाद केवल अमीर के लिए है वहीं गरीबों को बाजार की ताकतों के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाता है? क्यों विकास प्रकृति के विनाश की एवज में किया जाता है?



लेखक कृषि एवं खाद्य संबंधी विषयों के विशेषज्ञ हैं।

ज्ञान गंगा

## मानसिक स्वच्छता

श्रीराम शर्मा आचार्य/ मन की चाल दोमुंही है। जिस प्रकार दोमुंही सांप कभी आगे, कभी पीछे चलता है, उसी प्रकार मन में दो परस्पर विरोधी वृत्तियां काम करती रहती हैं। उनमें से किसे प्रोत्साहन दिया जाए और किसे रोका जाए, यह कार्य विवेक बुद्धि का है। हमें बारीकी के साथ यह देखना होगा कि इस समय हमारे मन की गति किस दिशा में है? यदि सही दिशा में प्रगति हो रही हैं, तो उसे प्रोत्साहन दिया जाए और यदि दिशा गलत है, तो उसे पूरी शक्ति के साथ रोका जाए, इसी में बुद्धिमत्ता है। क्योंकि सही दिशा में चलता हुआ मन जहां हमारे लिए श्रेयस्कर परिस्थितियां उत्पन्न कर सकता है, वहां कुमार्ग पर चलते रहने से एक दिन दुःखदायी दुर्दिन का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए समय रहते चेत जाना ही उचित है। उचित दिशा में चलता हुआ मन आशावादी, दूरदर्शी, पुरुषार्थी और सुधारवादी होता है। इसके विपरीत पतनोन्मुख मन सदा निराश रहने वाला, तुरन्त की बात सोचने वाला, भाग्यवादी, कठिनाइयों की बात सोच-सोचकर खिन्न रहने वाला होता है। वह परिस्थितियों के निर्माण में अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार नहीं करता। मन पत्थर या कांच का बना नहीं होता जो बदला न जा सके। प्रयत्न करने पर मन को सुधारा और बदला जा सकता है। समाज निर्माण का प्रमुख सुधार यह मानसिक परिवर्तन ही है। हमारा मन यदि अग्रगामी पथ पर बढ़ने की दिशा पकड़ ले, तो जीवन के सुख-शान्ति और भविष्य के उज्ज्वल बनने में कोई संदेह नहीं रह जाता। जिनने आशा और उत्साह का स्वभाव बना लिया है, वे उज्ज्वल भविष्य के उदीयमान सूर्य पर विश्वास करते हैं। ठीक है, कभी-कभी कोई बदली भी आ जाती है और धूप कुछ देर के लिए रु क भी जाती है। पर बादलों के कारण सूर्य सदा के लिए अस्त नहीं हो सकता है। असफलताएं और बाधाएं आते रहना स्वाभाविक है। कठिनाइयां मनुष्य के पुरुषार्थ को जगाने और आगे बढ़ने की चेतावनी देने आती हैं। आज यदि सफलता मिली है, प्रतिकूलता उपस्थित है, संकट का सामना करना पड़ रहा है, तो कल उस स्थिति में परिवर्तन होना स्वाभाविक है। आशावादी व्यक्ति छोटी-छोटी असफलताओं की परवाह नहीं करते। वे रास्ता खोजते हैं और धैर्य, साहस, विवेक एवं पुरुषार्थ को मजबूती के साथ पकड़े रहते हैं, क्योंकि आपत्ति के समय में यही चार सच्चे मित्र बताए गए हैं।




# मंत्री को पाठ पढ़ा गई लेडी सिंघम

अरुण नैथानी

कहते हैं कि ईमानदारी और फर्ज की ताकत के आगे सत्ता की चूलें भी हिल जाया करती हैं। गुजरात के सूरत में एक मामूली कांस्टेबल ने 'कायदे-कानून के आगे हर कोई बराबर होता है' कहकर न केवल मंत्री को खरी-खोटी सुनायी बल्कि कानून के उल्लंघन पर उनके पुत्र व उसके दोस्तों को गिरफ्तार भी करवाया। लेकिन जब राजनीतिक दबाव में विभाग की तरफ से माफी मांगने को कहा गया और तबादला किया गया तो स्वाभिमान की रक्षा के लिये उसने नौकरी से इस्तीफा दे दिया। पूरे मामले में जनता का समर्थन और सहानुभूति इस महिला कांस्टेबल सुनीता यादव को मिली। सोशल मीडिया में उसके पक्ष में मुहिम चली। मंत्री व उनके पुत्र और कांस्टेबल सुनीता के बीच बातचीत के ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए। खुद सुनीता ने भी सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखी। जन-दबाव के बाद गुजरात सरकार के स्वास्थ्य मंत्री किशोर कनाणी बचाव की मुद्रा में आ गये कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे को समझना चाहिए। दरअसल, सूरत के वारछा इलाके में रात को कर्फ्यू के दौरान सुनीता ने कुछ युवकों को बिना मास्क के घूमते पकड़ा। जिस पर युवकों ने मंत्री पुत्र प्रकाश कानाणी को बुला लिया। प्रकाश अपने पिता की विधायक की प्लेट लगी कार लेकर विवादित स्थल पर पहुंचा और युवकों को छोड़ने को कहा। उसकी बातचीत का वह ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें वह कह रहा था कि हमारी इतनी ताकत है कि इसी जगह साल के 365 दिन तुम्हारी खड़े रहने की ड्यटी लगवा दूंगा। मंत्री पुत्र की टिप्पणी से कांस्टेबल के स्वाभिमान को चोट लगी। उसने मंत्री पुत्र को सख्त लहजे में कहा कि 'ये वर्दी तुम्हारे पिताजी की गुलामी के लिये नहीं पहनी है।' अधिकारियों को सूचित किया। उसे कहा गया कि उसकी ड्यूटी इलाके की हीरा व टेक्सटाइल फैक्टरी न चलने देने की है, प्वाइंट पर किसी को रोकने की नहीं। आहत सुनीता ने मंत्री को भी फोन पर खरी खोटी सुनाई और पूछा कि जब आप गाड़ी में नहीं हैं तो आपका बेटा आपके नेम प्लेट वाली गाड़ी लेकर दबाव बनाने के लिए कैसे घूम रहा है। वह किस तरह कर्फ्यू के प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर रहा है। आप ईमानदारी से काम कर रही पुलिस को न सिखाओ, अपने बिगड़ैल बेटे को कायदे-कानून सिखाओ। यह प्रकरण पुलिस व राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा। इसके बाद राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस अधिकारियों के सुर बदलने से आहत सुनीता ने पुलिस कमिश्नर सूरत आफिस में अपना इस्तीफा दे दिया। कालांतर जब सुनीता का स्थानांतरण पुलिस लाइन किया गया तो उसने इस बात का मुखर विरोध किया कि जब उसने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है तो उसका तबादला क्यों किया जा रहा है। मंत्री द्वारा पुत्र के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच करवायी जा रही है। घटनाक्रम के बाद सुनीता ने भी अपनी बात रखी 'मेरा इस्तीफा स्वीकार करने के बाद मुझे छुट्टी पर भेजा जा रहा है। मेरा तबादला किया जा रहा है। तबादला होने का मतलब मेरी तौहीन होना है और मंत्री के बेटे के मन की होना है, जो मुझे मंजूर नहीं है।' सुनीता के पक्ष में जब देशभर में ट्वीट ट्रेंड करने लगे तो उसने लिखा 'मैं सरकार की नौकरी करती हूं। वे और लोग होंगे जो नेताओं और मंत्रियों की गुलामी करते हैं। मैंने अपने स्वाभिमान से समझौता करके नौकरी करना नहीं सीखा। हमने भारत माता की शपथ वर्दी के लिये ली है। वे लोग जो नेताओं व भ्रष्ट सिस्टम की गुलामी करते हैं, उन्हें अपनी वर्दी व स्वाभिमान से ज्यादा पैसा प्यारा है। जिसके चलते नेता हर पुलिस वाले को एक नाप से तौलते हैं।' पुलिस कांस्टेबल के दृढ़ निश्चय के बाद मंत्री के पुत्र व उसके दो दोस्तों की गिरफ्तारी भी हुई और जमानत भी तुरत-फुरत मिल गई। मंत्री की दलील थी कि उनका बेटा रात को अपने किसी कोरोना पीड़ित रिश्तेदार को देखने अस्पताल जा रहा था, महिला कांस्टेबल ने उसे जाने नहीं दिया और मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया। साथ ही बेटे के साथ अभद्रता का आरोप भी लगाया। कुल मिलाकर सुनीता ने मंत्री व उसके दंभ से भरे पुत्र को ही सबक ही नहीं सिखाया बल्कि पुलिस कर्मियों को भी सीख दी कि यदि वे स्वाभिमान के साथ कायदे-कानूनों के बीच नौकरी करना चाहें तो उन्हें अपनी ताकत का अहसास होना चाहिए। देश के लोगों को अहसास कराया कि ईमानदारी से काम करना पुलिस के लिये कितना मुश्किल है। आम लोगों के लिए भी संदेश है कि ईमानदार कर्मियों की ड्यूटी में बाधा डालने वाले नेताओं को सबक सिखाया जाये। यही वजह है कि पूरे देश में इस घटना को लेकर सुनीता के पक्ष में जनसमर्थन उभरा। सोशल मीडिया पर उसके साहस की चर्चा होने लगी। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल व डॉ. कुमार विश्वास जैसे लोगों ने गुजरात सरकार से सुनीता को न्याय दिलवाने की मांग की।



# आज का राशिफल

**मेष** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा। जीविका की दिशा में उन्नति होगी। आमोद प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**वृषभ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। अकारण विवाद हो सकता है।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। वाणी की असभ्यता आपको किसी संकट में डाल सकती है। खान-पान में संयम रखें।

**कन्या** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**तुला** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। अनावश्यक कार्यों में खर्च करना पड़ सकता है। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। धन लाभ के योग हैं।

**धनु** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आर्थिक क्षेत्र में किया गया प्रयास फलीभूत होंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**मकर** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च करने के योग हैं। प्रणय संबंध मधुर होंगे।

**कुम्भ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। मित्रों या रिश्तेदारों से पीड़ा मिल सकती है। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलेगी।

**मीन** व्यावसायिक योजना सफल होगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। ससुराल पक्ष से लाभ मिलेगा। फिजूल खर्च पर नियंत्रण रखें। धन हानि की संभावना है।

## सस्ते आयातितत तेलों से घरेलू तेल तिलहन उद्योग पर दबाव, मांग सुस्त

**नयी दिल्ली।**

सस्ते तेलों का आयात बढ़ने से घरेलू तेल तिलहन उद्योगों पर भारी दबाव बना हुआ है। दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शुक्रवार को मूंगफली तेल एवं तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट रही। दूसरी ओर 'ब्लेंडिंग' के लिए सोयाबीन डीगम की मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल तथा मंडी में कम फसल आवक से सरसों दाना (तिलहन) और सरसों तेल कीमतों में सुधार रहा। बाजार सूत्रों के मुताबिक बृहस्पतिवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने देश के किसानों से दलहन की तर्ज पर तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता कायम करने की अपील की। इससे स्थानीय मांग बढने पर सरसों तिलहन के साथ साथ सरसों तेल दादरी, पक्की और कच्ची घानी तेल कीमतों में भी सुधार हुआ सूत्रों ने कहा कि किसानों और सहकारी संस्था नाफेड के पास मूंगफली और सरसों का काफी मात्रा में स्टॉक बचा हुआ है। सस्ते तेलों का आयात बढ़ने की वजह से ये स्टॉक बाजार में खप नहीं पा रहा है। इसके अलावा अगले एक महीने बाद मूंगफली और सोयाबीन की बम्पर फसल भी आने वाली है। ऐसे में सस्ते आयात के सामने इन फसलों की खपत कहां होगी। इस चिंता को देखते हुए किसान अपनी फसल को लागत से लगभग 5-10 प्रतिशत नीचे, औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार को इस बात पर भी गौर करना चाहिये खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य को बाजार मूल्य के अनुरूप और स्थानीय किसानों के हित में तय करने के बजाय मनमाने ढंग से किस प्रकार तय किया जाता है। सरकार को इस पर गौर करना होगा कि आयातित तेलों के मुकाबले स्थानीय तेल कीमतें प्रतिस्पर्धा में ठहर सकें। इससे देश की बहुमूल्य विदेशीमुद्रा की बचत होगी। घरेलू तेल उद्योग इस समय मात्र 20 प्रतिशत क्षमता का ही उपयोग कर पा रहा है। खाद्य तेलों के आयात ने उनका कामकाम सुस्त कर दिया है। सरसों तिलहन - 4,665- 4,715 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये। मूंगफली दाना - 4,740 - 4,790 रुपये। वनस्पति घी- 965 - 1,070 रुपये प्रति टिन। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)- 12,480 रुपये। मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 1,875 - 1,925 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 9,700 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,540 - 1,680 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,640 - 1,760 रुपये प्रति टिन। तिल मिल डिलिवरी तेल- 11,000 - 15,000 रुपये। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 9,050 रुपये।

## जायडस कैडिला को कोविड-19 थेरेपी के क्लीनिक परीक्षण की मैक्सिको में मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दवा बनाने वाली भारतीय कंपनी जायडस कैडिला ने शुक्रवार को कहा कि उसे कोविड-19 के इलाज के लिये अपनी जैविक चिकित्सा पेगाइलेटेड इंटरफेरॉन अल्फा -2 बी के क्लीनिकल परीक्षण के लिये मैक्सिको के नियामक प्राधिकरण कोफेप्रिस की मंजूरी मिल गयी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे मैक्सिको के चिकित्सा नियामक कोफेप्रिस से जैविक चिकित्सा पेगाइलेटेड इंटरफेरॉन अल्फा -2 बी (पेगीहेप टीएम) का कोविड-19 के इलाज के लिये क्लीनिकल परीक्षण करने की मंजूरी मिल गयी है। कंपनी ने कहा कि उसने भारतीय औषधि महानियंत्रक से भी इसके परीक्षण के लिये मंजूरी मांगी है। कंपनी इस संबंध में अमेरिका के औषधि नियामक यूएसएफडीए के साथ मिलकर भी काम कर रही है। कंपनी इस संबंध में अमेरिका के औषधि नियामक यूएसएफडीए के साथ मिलकर भी काम कर रही है। कंपनी इस संबंध में अमेरिका के औषधि नियामक यूएसएफडीए के साथ मिलकर भी काम कर रही है। कंपनी को इससे पहले कोफेप्रिस ने कोविड-19 के प्रबंधन में डेसीडुस्टैट के परीक्षण की भी मंजूरी दी थी।



## कमजोर मांग के कारण एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को एल्युमीनियम की कीमत 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137 रुपये प्रति किग्रा रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में एल्युमीनियम के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 35 पैसे अथवा 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137 रुपये प्रति किग्रा रह गयी जिसमें 813 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की कमजोर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे मुख्यत- यहां एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट आई।

## जेएलआर ने इनजेनियम इंजन रेंज में 15 लाख उत्पादन का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी इनजेनियम इंजन रेंज के लिए 15 लाख उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। जेएलआर ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन के वॉल्वरहेम्प्टन स्थित उसके इंजन विनिर्माण संयंत्र में इनजेनियम पावरट्रेन का उत्पादन होता है, जिसका इस्तेमाल सभी जेएलआर मॉडलों में होता है। इसे ब्रिटेन में ही विकसित किया गया है और यह बेहतर ईंधन कार्यकुशलता तथा कम उत्सर्जन जैसी खूबियों से लैस है। जेएलआर पावरट्रेन आपरेशंस लॉच निदेशक केन क्लोस ने कहा, ''क्लीनर- रनिंग वाहन की हमें अप्रत्याशित मांग मिल रही है।आज स्वच्छ और सक्षम इंजन उपलब्ध कराना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इसमें प्रदर्शन अथवा हमारे ग्राहक की उम्मीदों से किसी भी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है।'' आज स्वच्छ और सक्षम इंजन उपलब्ध कराना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इसमें प्रदर्शन अथवा हमारे ग्राहक की उम्मीदों से किसी भी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है।''

## कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

**नयी दिल्ली।** घरेलू बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को तांबा की कीमत 50 पैसे की गिरावट के साथ 499.35 रुपये प्रति किग्रा रह गयी । मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तांबा के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 50 पैसे अथवा 0.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 499.35 रुपये प्रति किग्रा रह गयी जिसमें 5,529 लॉट के लिए कारोबार हुआ।बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से यहां तांबा वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से यहां तांबा वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई।

## ताजा सौदों की लिवाली से सोयाबीन वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण व्यापारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोयाबीन की कीमत आठ रुपये की तेजी के साथ 3,760 रुपये प्रति क्विन्टल हो गयी। एनसीडीईएक्स में सोयाबीन के जुलाई महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत आठ रुपये अथवा 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,760 रुपये प्रति क्विन्टल हो गयी जिसमें 185 लॉट के लिए कारोबार हुआ। हालांकि, सोयाबीन के अगस्त महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत छह रुपये अथवा 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,748 रुपये प्रति क्विन्टल रह गयी जिसमें 37,270 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि बाजार की अच्छी मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे मुख्यतः वायदा कारोबार में सोयाबीन कीमत में तेजी आई। कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे मुख्यतः वायदा कारोबार में सोयाबीन कीमत में तेजी आई।

## कोल इंडिया ने कोयला आयातकों के लिये शुरु की विशेष नीलामी

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने सिर्फ कोयला आयातकों के लिये हाजिर ई-नीलामी की एक नयी श्रेणी शुरू की है और इसका उद्देश्य घरेलू आपूर्ति की मदद से विदेश से 15 करोड़ टन कोयले के आयात को कम करना है। 'आयात स्थानापन्न के लिये विशेष हाजिर ई-नीलामी योजना 2020 के तहत खरीदा गया कोयला देश के भीतर उपयोग के लिये होगा। कोल इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, यह कदम देश की कोयला के आयात पर निर्भरता को कम करने के सरकार के आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत जोर देने पर काम करने की तैयारी में उठाया गया है। 15 करोड़ टन के कोयले के आयात को इस नयी योजना से स्थानापन्न किया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि नया कार्यक्रम ई-नीलामी की मौजूदा चार श्रेणियों के अतिरिक्त है। इसमें सिर्फ आयातक खरीदार ही हिस्सा ले सकेंगे। अधिकारी ने कहा कि सीआईएल ने अधिक घरेलू आपूर्ति के साथ आयातित कोयले को स्थानापन्न करने के लिये एक नयी विपणन रणनीति बनायी है। कंपनी ने घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्रों और स्पंज आयरन, सीमेंट, उर्वरक, बिजली संयंत्रों और स्पंज आयरन, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात और अन्य उद्यमों की पहचान की है, जो कोयला आयात कर रहे हैं और जो इसके संभावित ग्राहक हैं।

## ब्रिटिश एयरवेज पर कोरोना का असर, एयरलाइंस ने बोइंग 747 जंबो जेट्स को किया रिटायर

**लंदन।**





'क्वीन ऑफ द स्काइज कहे जाने वाले बोइंग 747 अब आकाश में ब्रिटेन के राष्ट्रीय ध्वज यूनियन जैक के तीन रंग लाल, सफेद और नीले का जलवा नहीं बिखेरेंगे, क्योंकि इसके बेड़े को ब्रिटिश एयरवेज ने अलविदा कह दिया है। यह एयरलाइन बोइंग के 747-400 मॉडल की दुनिया की सबसे बड़ी संचालक थी। हालांकि कंपनी की इस बेड़े के 31 प्रसिद्ध वृहद आकार वाले विमानों का परिचालन 2024 में बंद करने की योजना पहले ही बना चुकी थी, लेकिन कोरोना वायरस महामारी जिसकी वजह से दुनिया भर के विमान करीब तीन महीने तक उड़ान नहीं भर पाए थे और आने वाले समय में भी यात्रियों की संख्या में कटौती की भविष्यवाणियों के कारण समय से पहले ही इसे अलविदा कहने का निर्णय लिया गया। ब्रिटिश एयरवेज के पूर्ववर्ती बीओएसी ने 747 का सबसे पहली बार 1971 में इस्तेमाल किया था। इस विमान को प्यार से या तो 'जंबो जेट या फिर 'क्वीन ऑफ द स्काइज कहा गया और यह नए युग की हवाई यात्रा का संकेत बन गया। हालांकि आधुनिक ईंधन के हिसाब से उन्नत एयरबस ए 350 और बोइंग 787 के आने से इसके दिन लद गए। बीए ने एक बयान में कहा, ''बड़े ही दुख के साथ हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि हम अपने 747 के पूरे बड़े की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का प्रस्ताव रख रहे हैं। एयरवेज ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से उड्डयन क्षेत्र में जो यात्रा में कमी आई है उसको देखते हुए 'क्वीन ऑफ स्काइज% का दोबारा उड़ान भर पाना असंभव है। ब्रिटिश एयरवेज के 747-400 मॉडल में 345 यात्रियों को बिठाने की क्षमता थी और यह 988 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से उड़ान भर सकता था।

एयरवेज ने कहा कि भविष्य में हम और आधुनिक व कुशल ईंधन वाले विमानों का संचालन करेंगे, लेकिन हमारे दिलों में इस विमान के लिए हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा।

## सरकार की मध्य प्रदेश में अगले तीन महीने में 5-6 खनिज ब्लॉक की नीलामी की योजना

**नयी दिल्ली।** सरकार की मध्य प्रदेश में अगले तीन महीने में 5 से 6 खनिज ब्लॉक की नीलामी की योजना है। इसमें लौह अयस्क और बॉक्साइट खदान शामिल हैं। सरकार ने हाल में 11 ब्लॉक को बिक्री के लिये रखा था। लेकिन उसमें से पांच ब्लॉक के लिये ही निवेशकों ने रूचि दिखायी। बोलीदाताओं ने छह ब्लॉक में कोई रूचि नहीं दिखायी। अधिकारी ने कहा, ''छह ब्लॉक के लिये किसी ने बोली नहीं लगाई क्योंकि वे वाणिज्यिक रूप से व्यवहारिक नहीं है और उनका बहुत अच्छा बाजार मूल्य नहीं है।' उसने कहा कि मध्य प्रदेश में इसमें दो बॉक्साइट खदान, एक लौह अयस्क और एक रॉक फास्फेट खदान है। इन खदानों की नीलामी तीन महीने में की जा सकती है। इससे पहले, राज्य में 2016-17 में एक खनिज ब्लॉक, 2018-19 में पांच और पिछले वित्त वर्ष में दो ब्लॉक की नीलामी हुई थी। इन आठ ब्लॉक में से तीन चूना पत्थर खदान, दो ग्रेफाइट ओर दो हीरा और एक लौह अयस्क ब्लॉक था। केंद्र ने पिछले महीने खनिज संसाधन वाले राज्यों से पायलट आधार पर सभी प्रकार की मंजूरी के साथ नीलामी के लिये कम-से-कम पांच-पांच नई खनन परियोजना की पहचान करने को कहा था। इसका मकसद बिक्री प्रक्रिया और परिचालन में तेजी लाना है।

## ड्रैगन को झटका, चीन में आईफोन बनाने वाली पेगाट्रॉन भारत में लगाएगी प्लांट



**बिजनेस डेस्क।**

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल इंक की एसेंबली पार्टनर पेगाट्रॉन कॉर्प भारत में अपना पहला प्लांट लगाने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही पेगाट्रॉन एप्पल की उन सहायक कंपनियों की कतार में शामिल हो गई है, जो भारत में अपना प्लांट लगाना चाहती हैं। इस कंपनी के चीन में कई असेंबलिंग प्लांट हैं। हालांकि बीजिंग और वाशिंगटन के बीच जारी तनाव और अमेरिकी सरकार द्वारा वहां की कंपनियों पर बढ़ते दबाव से ये कंपनियां भविष्य को लेकर सतर्क हैं। केंद्र सरकार ने देश को दुनिया का सबसे बड़ा स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए 6.6 बिलियन डॉलर की एक योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत सरकार ने वित्तीय इंसेंटिव और रेडी-टू-यूज मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स उपलब्ध कराने का ऐलान किया था। इसके बाद से भारत में विदेशी टेक निवेश का तांता लग गया है। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स एसेंबलर फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप और विस्ट्रॉन कॉर्प पहले ही भारत में प्लांट लगा चुकी हैं। यह दोनों कंपनियां भी आईफोन हैंडसेट का निर्माण करती हैं। फॉक्सकॉन ने हाल ही में दूसरा प्लांट लगाने की घोषणा की है। चीन में कई फैक्ट्रियों का संचालन करने वाली पेगाट्रॉन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आईफोन एसेंबलर कंपनी है। पेगाट्रॉन का आधे से ज्यादा कारोबार एप्पल पर निर्भर है। इस मामले से वाकिफ एक सूत्र के हवाले से ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि एप्पल की अन्य सहयोगी कंपनियों की तरह पेगाट्रॉन भी दक्षिण भारत में प्लांट लगाएगी। सहयोगी कंपनियों की तरह पेगाट्रॉन भी दक्षिण भारत में प्लांट लगाएगी। ब्लूमबर्ग के एनालिस्ट के मुताबिक, फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन भारत में अपना कारोबार विस्तार करने के बारे में सोच रही हैं। इसलिए पेगाट्रॉन भी भारत में एंट्री कर अपना कारोबार बचाए रखना चाहती है। पेगाट्रॉन आईफोन एसई की एसेंबलिंग करती है।

हाल के कुछ हफ्तों में भारत में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियों ने निवेश किया है। इसमें जियो प्लेटफॉर्म्स में 20 बिलियन डॉलर (करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए) का निवेश भी शामिल है। जियो प्लेटफॉर्म्स में गूगल, फेसबुक इंक जैसी टेक कंपनियों ने हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके अलावा गूगल ने भारत में अगले पांच साल में 10 बिलियन डॉलर करीब 75 हजार करोड़ रुपए का निवेश का ऐलान किया है।

## ग्रैनुएल्स इंडिया का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 34प्रतिशत बढ़कर 111 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** दवा बनाने वाली कंपनी ग्रैनुएल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में सालाना आधार पर 33.87 प्रतिशत बढ़कर 111.44 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इसकी मुख्य वजह शानदार बिक्री है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि साल भर पहले की समान तिमाही में उसे 83.24 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन से प्राप्त एकीकृत राजस्व बढ़कर 735.59 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। साल भर पहले यह 595.27 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कृष्ण प्रसाद चिगुरुपति ने कहा, ''यह उत्पाद मिश्रण के अनुकूलन के माध्यम से परिचालन क्षमता और हमारे मार्जिन पर सतर्क निगरानी का परिणाम है। ग्रैनुएल्स इंडिया ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के एक रुपए अंकित मूल्य के प्रति शेयर पर 25 पैसे के पहले अंतरिम लाभांश की घोषणा की है।बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.23 प्रतिशत बढ़कर 253.90 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.23 प्रतिशत बढ़कर 253.90 रुपए बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.23 प्रतिशत बढ़कर 253.90 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।

## गूगल-जियो डील से चीनी कंपनियों में खलबली, भारत में खत्म हो सकता है चीन का दबदबा

**बिजनेस डेस्क।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को रिलायस जियो की 43वीं एजीएम में कई ऐलान किए। इसमें सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण घोषणा जियो और गूगल की भागादारी की रही है। एजीएम में अधिकृत तौर पर बताया गया कि गूगल ने रिलायंस जियो में 33 हजार करोड़ का निवेश करके भागीदारी स्वीकार करेगा। इसके बाद जियो और गूगल दोनों मिलकर एंड्रॉइड बेस्ड एक किफायती फोन बाजार मे पेश करेंगे। इसके बाद से भारतीय बाजार में जमी हुई चीनी कंपनियों में खलबली मच गई है। चीन का भारतीय मोबाइल उद्योग और बाजार में दबदबा रहा है लेकिन जियो को बाजार का समीकरण बदलने के लिए जाना जाता है। जियो जब से बाजार में आया तब से भारत में इंटरनेट, डेटा और कॉलिंग की दरों में जोरदार क्रांति दिखाई दी है। अब रिलायंस जियो के स्मार्टफोन बाजार में उतरने की तैयारी दिखा रहा है और इसके लिए जियो ने गूगल और क्वालकॉम के साथ भागादारी की है जिससे भारतीय बाजारों में अपना पैर जमा चुकी चीनी मोबाइल कंपनियां सदमे आ गई हैं। इस समय भारतीय बाजारों में शाओमी, रियलमी, ओप्पो, वीवो जैसे चीनी ब्रांड का कब्जा है। इसका कारण ये है कि एंट्री लेवल के फोन के कारण ये कंपनियां बहुत लोकप्रिय हुई हैं। बाजार की हिस्सेदारी में भी चीनी कंपनियों का दबदबा है। महाराष्ट्र टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक मिड रेंज और प्रीमिय रेंज फोन में चीनी कंपनियां अपना वर्चस्व बना रही हैं फिर भी फिलहाल किफायती फोन के संबंध में चीन के फोन के लिए अलावा ग्राहकों के पास काफी कम विकल्प मौजूद हैं। चीनी कंपनियों को पहली बार ही इतनी चिंता हुई हैं क्योंकि उन्हें पता है कि जियो के बाजार में उतरते ही बाजार के समीकरण बदल सकते हैं। बाजार में नई क्रांति लाने के जियो के इतिहास से सभी परिचित हैं। इसलिए अब स्मार्टफोन बाजार में जियो के गूगल के साथ उतरने से बाजार में बड़े उथल-पुथल की उम्मीद की जा रही है। इस समय चीन के प्रति भारतीयों में रोष और चीनी सामानों के बहिष्कार का माहौल भी जियो और गूगल के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें सबसे विशेष बात ये हैं कि रिलायंस जियो ने स्वदेशी 5जी विकसित करने का ऐलान भी किया इसलिए जियो 5जी फोन बाजार में उतारेगा इसमें कोई संदेह नहीं है।

इसमें सबसे विशेष बात ये हैं कि रिलायंस जियो ने स्वदेशी 5जी विकसित करने का ऐलान भी किया इसलिए जियो 5जी फोन बाजार में उतारेगा इसमें कोई संदेह नहीं है।

## कर्ज देने के मामले में बैंकिंग को सुगम बनाने पर काम कर रहा है आईबीएः सीईओ

**नई दिल्ली।**

भारतीय बैंक संघ (आईबीए) कर्ज देने के मामले में बैंकिंग को सुगम बनाने पर काम कर रहा है और कोविड-19 संकट के बीच तेजी से निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आईबीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुनील मेहता ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सदस्य बैंक ऋण उत्पादों के डिजिटलीकरण पर काम कर रहे हैं ताकि ऋण की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम हो। उन्होंने कहा, बैंकिंग में सुगमता आईबीए के प्रमुख एजेंडे में से एक है और बैंकर इसके बारे में सोच रहे हैं। बैंकरों को तेजी से वितरण के बारे में सोचना होगा। बैंक इस महामारी को अपने ऋण उत्पादों के डिजिटलीकरण के लिए अवसर में बदल रहे हैं, अब से 6 महीने बाद आप अधिक डिजिटल ऋण उत्पाद पाएंगे। उन्होंने 'पीएसबी लोन्स इन 59 मिनट्स पोर्टल का हवाला देते हुए कहा कि इस तरह के 'एल्गोरिदम आधारित निर्णय लेने के मंच को ऋण की पूरी अवधि तक के लिए प्रभावी बनाया जा सकता है, ताकि मानवीय हस्तक्षेप कम से कम हो। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित एक वेबिनार में उन्होंने कहा, बैंकिंग पिछले 10 वर्षों के दौरान बदल गई है। आगे इसमें और बदलाव होने जा रहे हैं। इन सुधारों की वास्तव में जरूरत है। बैंकर्स इस पर काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार खारा ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) को सभी तरह के समर्थन का आश्वासन देते हुए कहा कि बैंक ऋणों के पुनर्वास व पुनर्गठन के अनुरोध के लिए खुले हैं। खारा ने यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों जैसे आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन को अच्छी तरहे से संभालने की आवश्यकता होगी। मेहता ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि सरकार ने आरबीआई से अनुरोध किया है कि वह महामारी से पीड़ित कुछ क्षेत्रों के लिए एकबारगी पुनर्गठन योजना पर विचार करे।

उन्होंने कहा, जिन क्षेत्रों पर वास्तव में अलग से ध्यान देने की आवश्यकता होती है, वे हैं विमानन, आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन आदि। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो उपभोग स्तर और यात्रा प्रतिबंधों के कारण महामारी के दौरान बहुत प्रभावित हुए हैं।

## दूरसंचार न्यायाधिकरण ने वोडाफोन आइडिया मामले में ट्राई के अंतरिम निर्देश पर रोक लगायी

**नयी दिल्ली।**

दूरसंचार न्यायाधिकरण टीडीसैट ने शुक्रवार को ट्राई के वोडाफोन आइडिया को अपनी प्राथमिकता वाली योजना को लागू नहीं करने के अंतरिम निर्देश पर रोक लगा दी। इस योजना में कुछ श्रेणी के ग्राहकों को प्राथमिकता के आधार 4जी नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गयी थी। न्यायाधिकरण के इस निर्णय से वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) को अस्थायी राहत मिली है। इस सप्ताह की शुरूआत में वीआईएल ने न्यायाधिकरण में अर्जी देकर दूरसंचार नियामक एवं विकास प्राधिकरण (ट्राई) के उस निर्देश को चुनौती दी थी, जिसमें मामले की समीक्षा तक योजना को टाले जाने को कहा गया था। न्यायाधिकरण ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि ट्राई इस मामले की जांच करे और नैसर्गिक न्याय की जरूरत को सुनिश्चित करने के बाद यथाशीघ्र कानून के अनुसार अंतिम आदेश दे। करने के बाद यथाशीघ्र कानून के अनुसार अंतिम आदेश दे। मामले में वीआईएल को अपनी स्थिति स्पष्ट




करने का मौका दिया जाए। दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीसैट) ने कहा कि इसीलिए ट्राई के 11 जुलाई को जारी पत्र के दूसरे पैराग्राफ में दिये गये अंतरिम निर्देश पर अगले आदेश तक के लिये रोक लगायी जाती है।

## अमेरिका के कार्य वीजा निलंबित करने से परिचालन पर होगा मामूली असरः एचसीएल टेक

**नयी दिल्ली।**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने शुक्रवार को अमेरिका द्वारा एच 1-बी वीजा के निलंबन को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि इस कदम से छोटी अवधि में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं पर न्यूनतम प्रभा पड़ेगा, क्योंकि वह पिछले 10 वर्षों से स्थानीय स्तर पर लोगों को काम पर रखते आ रही है। कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी विजय कुमार ने कहा, हमने 10 साल पहले अमेरिका में केंद्रों में निवेश करना शुरू किया था, हमारे पास अमेरिका में 15 स्केल्ड वितरण केंद्र हैं। हम स्थानीयकरण बढ़ाने वाले पहले लोगों में से एक थे, अमेरिका में हमारे 67 प्रतिशत कर्मचारियों के करीब स्थानीय लोग हैं।'' उन्होंने कहा, यह प्रवृत्ति है, जिसे हमने वास्तव में उद्योग में आगे बढ़ाया है और अब कई अन्य कंपनियां हमारा अनुसरण कर रही हैं।'' उन्होंने कहा कि कंपनी के पास मांग पूरी करने के लिये अमेरिका में पर्याप्त लोग हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, नियम के बारे में मैं कहूंगा, दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यह देखते हुए कि हम न केवल अमेरिका में, बल्कि सभी भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी स्थानीय उपस्थिति को बढ़ाने के लिये तैयार रहे हैं, हम नीति में वर्तमान परिवर्तन के कारण बहुत कम प्रभाव देखते हैं। कम से कम निकट अवधि में। उन्होंने कहा कि अगर इसे लंबे समय तक जारी रखा जाता है, तो कंपनी को इस बात पर ध्यान देना होगा कि हम मांग को कैसे पूरा करते हैं। एचसीएल टेक के दुनिया भर में जून 2020 तिमाही के अंत तक 1.5 लाख से अधिक कर्मचारी हैं। कंपनी को 63.7 प्रतिशत राजस्व अमेरिकी बाजार से प्राप्त होता है। जून तिमाही में कंपनी के कुल राजस्व में यूरोप का योगदान 28.3 प्रतिशत और शेष अन्य सभी बाजारों का योगदान आठ प्रतिशत रहा था। आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अमेरिकी सरकार के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित कहा था।अन्य प्रतिस्पर्धी आईटी कंपनियां इंफोसिस, टेक महिंद्रा और विप्रो ने इस नीति परिवर्तन के कारण प्रभावित सैंकड़ों कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को वापस लाने के विशेष विमान का प्रबंध किया था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## इंग्लैंड का बड़ा फैसला, अगले हफ्ते से स्टेडियम में क्रिकेट मैच का लुत्फ उठा सकेंगे दर्शक

**लंदन ।** दर्शकों को अगले हफ्ते से इंग्लैंड में कुछ खेल प्रतियोगिताओं के लिए स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी क्योंकि अक्टूबर में स्टेडियमों को व्यापक रूप खोलने की योजना से पहले कोरोना वायरस को रोकने के लिए उठाए गए कदमों का परीक्षण किया जाएगा। इसमें क्रिकेट भी शामिल है। घरेलू क्रिकेट 26 और 27 जुलाई को पहली खेल स्पर्धा होगा जिसमें मार्च के बाद दर्शकों को स्टेडियम में जाने की अनुमति दी जाएगी। 31 जुलाई से शेफील्ड में विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप शुरू होगी जो एक अगस्त को ग्लोरियस गुडवुड घोड़ा रेस महोत्सव के साथ सरकार की प्रशंसकों की वापसी की योजना का हिस्सा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसर ने शुक्रवार को कहा, 'अक्टूबर से हम दर्शकों को स्टेडियम में लाने की इच्छा रखते हैं। लेकिन बहाली के बाद शुरूआती सफल नतीजे के बाद ही कोविड-19 के लिये सुरक्षित माहौल में ऐसा किया जाएगा। स्टेडियम की क्षमता पर अब भी प्रतिबंध लगा होगा। स्टेडियम में प्रवेश के लिये सामाजिक दूरी और वन-वे प्रणाली जरूरी होगी। खाना, सामान खरीदने या सट्टेबाजी के लिये जहां सामाजिक दूरी बरकरार नहीं रखी जा सकती, वहां बैरियर या स्क्रीन लगायी जायेंगी। खेल मंत्री नाइजेल हडलस्टोन ने कहा कि स्टेडियमों के पूरा भरने से पहले यह कुछ समय के लिये ऐसा ही रहेगा।

शतरंज

# तोक्यो में ओलंपिक पदक का इंतजार खत्म कर सकती है भारतीय हॉकी टीम : श्रीजेश



**नई दिल्ली।**

अपने 14 साल के करियर में टीम की सफलता और असफलता को करीब से देखने वाले भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश का मानना है कि 'बेहतरीन सुधार करने वाली भारतीय टीम में अगले साल ओलंपिक में पदक के लंबे इंतजार को खत्म करने की क्षमता है। भारतीय हॉकी टीम का ओलंपिक में शानदार रिकार्ड रहा है जहां टीम ने आठ स्वर्ण के अलावा एक रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। चार साल में एक बार होने वाले ओलंपिक में भारतीय टीम ने आखिरी बार सफलता स्वाद 40 साल पहले मास्को ओलंपिक में स्वर्ण जीत कर चखा था। श्रीजेश ने हालांकि माना कि हाल के दिनों में भारतीय टीम में काफी सुधार हुआ हैं। हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अब बहुत अंतर (दूसरी टीमों से तुलना में) नहीं है, हमने इस साल की शुरूआत में एफआईएच प्रो लीग में ऐसा कर दिखाया है। हम किसी को भी हरा सकते हैं, सिर्फ हरा ही नहीं सकते है बल्कि हमारे खेल की शैली उन पर हावी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'अभी तैयारियों के लिए एक साल (तोक्यो ओलंपिक) का समय है। यह मेरे लिए सबसे बड़ा टूर्नामेंट होगा और मुझे लग रहा है कि यह भारतीय हॉकी के लिए काफी महत्वपूर्ण साल होगा। श्रीजेश ने कहा, 'अगर हम अगले साल तोक्यो में अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन करते हैं तो हम वास्तव में ओलंपिक पदक को अपने देश में वापस ला सकते हैं। भारत के लिए 2012 और 2016 में ओलंपिक में प्रतिनिधित्व कर चुके 32 साल के इस अनुभवी गोलकीपर ने माना कि वह अपने करियर के प्रतिनिधित्व कर चुके 32 साल के इस अनुभवी गोलकीपर ने माना कि वह अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हैं और उन्हें एक साल के लिए स्थगित किए गए आखिरी पड़ाव पर हैं और उन्हें एक साल के लिए स्थगित किए गए तोक्यो ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'तोक्यो ओलंपिक वास्तव में ऐसा है जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। हम अपने खेल के विभिन्न पहलुओं में सुधार लाने में कामयाब रहे। हमारा फिटनेस का स्तर दुनिया की ज्यादातर दूसरी टीमों से बेहतर है।

# वेस्टइंडीज ने सीरीज खेलने के लिए बड़ा खतरा मोल लिया, माफी मांगे आर्चर : वॉन

**लंदन ।**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि टीम के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को जैविक प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर वेस्टइंडीज टीम से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि विंडीज की टीम ने इंग्लैंड के साथ सीरीज खेलने के लिए बहुत बड़ा खतरा मोल लिया है। आर्चर ने जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया था जिसके बाद उन्हें दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया था। आर्चर ने हालांकि इसके लिए माफी मांगी थी लेकिन उनके इस हरकत के कारण अपने ही देश में उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। वॉन ने कहा, 'यह युवा खिलाड़ी है और उसने गलती की है। यह गलती आपदा के समय हुई है। मुझे नहीं लगता कि आपने खिलाड़ियों से इस बारे में कोई सवाल किया है कि वे मानसिक तौर पर किस हालत से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इसके लिए उसकी बहुत आलोचना करने वाला नहीं हूं। लेकिन वेस्टइंडीज ने यहां आकर सीरीज खेलने के लिए बड़ा खतरा मोल लिया है। उनकी टीम यहां आठ जून को आई थी जबकि उन्हें पता था कि ब्रिटेन में कोरोना का बहुत प्रभाव है। मैं विंडीज टीम के लिए सोच रहा हूं और मुझे लगता है कि आर्चर को अपने किए के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। पूर्व कप्तान ने कहा कि वह आर्चर पर इस हरकत के लिए ज्यादा गुस्सा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए तीन-चार सप्ताह तक होटल के कमरे में बंद रहना मुश्किल है और मुझे लगता है कि आर्चर इसको लेकर थोड़े स्वार्थी हो गए और प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर अपने घर चले गए।

## चतुर्थ फीडे महिला स्पीड ग्रां प्री शतरंज - हम्पी पहुंची सेमीफाइनल ,अब हाऊ ईफ़ान से होगा मुक़ाबला



**मॉस्को ।** रूस ( निकलेश जैन ) भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी ग्रांडमास्टर कोनेरु हम्पी फीडे महिला स्पीड शतरंज के अंतिम ग्रां प्री के सेमी फ़ाइनल मे पहुँच गयी है । क्वाटर फाइनल मे खेले गए अपने प्ले ऑफ मुक़ाबले में उन्होने रूस की बेहतरीन लय में चल रही और पिछ्ली ग्रां प्री जीत चुकी गुनिना वालेंटीना को 6-5 से पराजित करते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया । दोनों के बीच खेले गए कुल 11 मुकाबलों में कोनेरु हम्पी नें 5 मुक़ाबले जीते ,4 मुकाबलों में गुनिना नें बाजी अपने नाम की जबकि 2 मुक़ाबले ड्रॉ रहे । बड़ी बात यह रही की शुरुआत से ही गुनिना नें 2-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की थी पर हम्पी नें जोरदार वापसी की । अब सेमी फाइनल में कोनेरु के सामने उनकी पूर्व विश्व चैंपियनशिप प्रतिद्वंदी चीन की विश्व नंबर 1 हाउ ईफ़ान होंगी जिन्होने क्वाटर फाइनल में कजाकिस्तान की अब्दुमालिक ज्यांसाया को 7.5-3.5 के बड़े अंतर से मात देते हुए सेमी फाइनल में जगह बनाई है । हालांकि भारत की नंबर 2 महिला खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली एक बार फिर सेमी फाइनल में जगह नहीं बना पायी और रूस की अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक नें उन्हे 9-3 के बड़े अंतर से एकतरफा मात देते हुए टूर्नामेंट से बाहर कर दिया । कोस्टेनियुक अब सेमी फाइनल में ईरान की सारासदात खदेमलसरीह से मुक़ाबला खेलेंगी जिन्होने उक्रेन की अन्ना मुजयचूक को 7.5-3.5 के अंतर से मात दी है ।

# बेन स्टोक्स का जलवा बरकरार, जड़ा टेस्ट करियर 10वां शतक

**नई दिल्ली ।**

मैनचैस्टर के मैदान पर इंगलैंड के लिए एक बार फिर से बेन स्टोक्स अपना जलवा बिखेर रहे हैं। विंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 10वां शतक लगाया। स्टोक्स जब क्रीज पर आए थे तब इंगलैंड के 81 रन पर तीन विकेट गिर चुके थे। लेकिन स्टोक्स ने ओपनर सिबले के साथ मिलकर धीरे-धीरे अपनी पारी को संवारा और शतक तब पहुंच गए। अक्सर तेज तर्रार क्रिकेट खेलने के लिए जाने जाते स्टोक्स ने सधी हुई पारी खेली और शतक तक पहुंचने के लिए 200 से ज्यादा गेंदें खेलीं। बेन स्टोक्स की जिंदगी में ऐसा पहली बार है जब उन्होंने एक पारी में इतनी गेंदें खेली हों। बहरहाल, स्टोक्स ने शतक बनाने के लिए 261 गेंदें खेलीं और 10 चौके और एक छक्का लगाया। इंगलैंड के लिए पिछले साल क्रिकेट वर्ल्ड कप और एशेज में जीत के हीरो रहे बेन स्टोक्स ने एक बार फिर से अपने ऑलराऊंड खेल से सबको प्रभावित किया। साऊथहैम्प्टन के मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट में भी उन्होंने रन बनाने के अलावा दोनों पारियों में विकेट लिए थे। अपनी इसी पारी की बदौलत वह ऑलराऊंडरों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए थे। बता दें कि



मैनचैस्टर के मैदान पर इंगलैंड टीम चार बदलाव के साथ उतरी है। उनके स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को कोविड 19 के नियम तोडने़ के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था। वहीं, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को आराम दे दिया गया।

इसी तरह जो डेनले को खराब प्रदर्शन के चलते बाहर का रास्ता दिखा गया। उनकी जगह जो रूट टीम में वापस आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### बाढ़ प्रभावित असम को हमारी मदद की जरूरत : सुनील छेत्री

**नई दिल्ली ।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि बाढ़ से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य असम पर तुरंत ध्यान देने और सहायता दिए जाने की जरूरत है क्योंकि यहां कई जलमग्न जिलों में लोगों की जान जा चुकी है और काफी लोग विस्थापित हो चुके हैं। बाढ़ से अभी तक 70 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और राज्य के 26 जिलों में करीब 40 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क भी करीब 90 प्रतिशत जलमग्न हो चुका है। देश में कोविड-19 महामारी के बीच सभी का ध्यान इस विपदा की ओर कराते हुए छेत्री ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'प्रार्थनाओं के साथ, असम की ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत और बाढ़ से उबरने के लिये मदद की जरूरत है। उन्होंने लिखा, 'इस विपदा में काफी जान जा चुकी हैं, जिसमें लोग और जानवर शामिल है और मैं सिर्फ उम्मीद ही कर सकता हूं कि इनकी संख्या बढ़े नहीं। खेल जगत से असम में बाढ़ की ओर ध्यान दिलाने वाले वह एकमात्र खिलाड़ी हैं।

### हंगरी ग्रां प्री में पहले अभ्यास सत्र में हैमिल्टन शीर्ष पर

**बुडापेस्ट ।** फॉर्मूला वन (एफ वन) चैंपियन लुईस हैमिल्टन हंगरी ग्रां प्री के पहले अभ्यास में शुक्रवार को सबसे कम समय के साथ शीर्ष पर रहे। हल्की बारिश के बीच हुए अभ्यास सत्र की पहले रेस में हैमिल्टन ने मर्सीडीज टीम के अपने साथी चालक वालटेरी बोटास से .086 सेकेंड का कम समय लिया। रेसिंग प्वांइट टीम के सर्गियो पेरेज तीसरे स्थान पर रहे। रेसिंग प्वाइंट के ही लांस स्ट्रॉल चौथे स्थान पर रहे। मर्सीडीज के दोनों चालक सत्र के शुरूआती दो रेस के विजेता रहे है।

### मैच फिक्सिंग मामलाः टेनिस अंपायर व टूर्नामेंट निदेशक निलंबित, भारी जुर्माना भी लगा

**लंदन ।** टेनिस 'इंटीग्रिटी यूनिट ने मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के आरोप में बेलारूस के 'चेयर अंपायर और यूनान के एक टूर्नामेंट निदेशक को निलंबित करके उन पर जुर्माना लगाया है। अंपायर एलेक्सी इजोटोव को तीन साल के लिए निलंबित करने के साथ गुरुवार को उन पर 10,000 डॉलर (लगभग साढे सात लाख रूपये) का जुर्माना लगाया गया। इजोटोव पर भ्रष्टाचार के लिए संपर्क किए जाने की सूचना नहीं देने और दूसरे अंपायरों से इसमें शामिल होने के लिए कहने का आरोप है। टेनिस 'इंटेग्रिटी यूनिट ने कहा कि 22 साल के इजोटोव नवंबर 2019 में बेलारूस के मिंस्क में आईटीएफ महिला टूर्नामेंट में चेयर अंपायर के तौर पर काम कर रहे थे जब उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़े मामले के लिए संपर्क किये जाने की सूचना नहीं दी इस मामले में टूर्नामेंट के निदेशक एंटोनिस कलिट्जकिस को 20 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया।

# पहली टेस्ट में '0' पर आऊट होने वाले डोमिनिक सिबले ने लगाई सेंचुरी



**नई दिल्ली ।**

इंगलैंड के सलामी बल्लेबाज डोमिनिक सिबले ने विंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जोरदार वापसी की है। साऊथहैप्टन में खेले गए पहले टेस्ट में सिबले '0' पर ही आऊट हो गए थे। उन्होंने शानदार वापसी करते हुए मैनचैस्टर के मैदान पर विंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का सिर्फ दूसरा शतक है।

वह आठवां टेस्ट खेल रहे हैं और अब तक 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। महज 7 टेस्ट खेल चुके सिबले फर्स्ट क्लास क्रिकेट का बड़ा सितारा है। 24 साल का यह प्लेयर अब तक 75 टेस्ट में 4742 रन बना चुका है। खास बात यह है कि उनके नाम पर 14 शतक और 21 अर्धशतक भी दर्ज हैं। उनकी औस्त 41 के आसपास है जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 244 है।

बता दें कि मैनचैस्टर के मैदान पर इंगलैंड टीम के लिए सीरीज में हार टालने के लिए यह टेस्ट जीतना बेहद जरूरी है। इंगलैंड टीम ने साऊथहैम्प्टन् में खेला गया पहला टेस्ट चार विकेट से गंवा दिया था। इंगलैंड टीम के लिए चिंता की बात यह भी है कि उनकी टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड नहीं हैं। आर्चर को कोविड 19 के नियम तोडने़ के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था।

## 'ब्लैक लाइव्स मैटर' पर फाफ डु प्लेसिस ने भी दिया सुंदर मैसेज



**जोहानिसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस ने नस्लवाद के खिलाफ अपना समर्थन व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी की भी जिंदगी तब तक मायने नहीं रखती जब तक कि अश्वेतों का जीवन मायने नहीं रखता। अमेरिका में अफ्रीकी मूल के जार्ज फ्लॉयड की एक श्वेत पुलिसकर्मी के हाथों मौत के बाद विश्व भर में 'ब्लैक लाइव्स मैटर' (अश्वेत जीवन भी मायने रखता है) आंदोलन चल रहा है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व दोनों टीमों के खिलाडि़यों ने खुलकर इसका समर्थन किया। डुप्लेसिस ने कहा कि अब नस्लवाद से लडने़ का समय आ गया है। इस 36 वर्षीय क्रिकेटर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा- पिछले दो महीनों में मुझे यह महसूस हुआ कि हमें यह तय करना होगा कि हमें किससे लडऩा है। हम अपने देश में कई तरह के अन्याय से घिरे हुए हैं जिन पर तुरंत ध्यान देने और उन्हें ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा- मैं मानता हूं कि दक्षिण अफ्रीका अब भी नस्लवाद के कारण बंटा हुआ है और यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं इसके समाधान का हिस्सा बनूं। यह डुप्लेसिस के पूर्व के रवैये के विपरीत है जब उन्होंने नस्लवाद पर बात करने से इन्कार कर दिया था। इस साल के शुरू में तेम्बा बावुमा को टीम से बाहर करने पर उन्होंने कहा था कि, 'हम रंग देखकर चयन नहीं करते। डुप्लेसिस ने कहा कि 'ब्लैक लाइव्स मैटर' अभियान को उनका पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा- इसलिए मैं कहूंगा कि किसी की भी जिंदगी तब तक मायने नहीं रखती जब तक कि अश्वेतों का जीवन मायने नहीं रखता। मैं अब बात कर रहा हूं क्योंकि अगर मैं उचित समय का इंतजार करूंगा तोवह कभी नहीं आएगा। बदलाव के लिए काम जारी रखना जरूरी है और हम सहमत हों या असहमत बातचीत बदलाव का वाहक होती है। वह कभी नहीं आएगा। बदलाव के लिए काम जारी रखना जरूरी है और हम सहमत हों या असहमत बातचीत बदलाव का वाहक होती है।

## गंभीर के गांगुली और धोनी के बीच तुलना से सहमत नहीं आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि वह टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली और महेंद्र सिंह धोनी के बीच किए तुलना से सहमत नहीं है। आकाश ने कहा कि वह गंभीर की इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते कि गांगुली ने धोनी की तुलना में टीम में ज्यादा मैच जिताने वाले खिलाड़ी तैयार किए थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने बेहतरीन तरीके से टीम बनाई और 2017 में कप्तानी छोड़ने के बाद उस टीम को कप्तान विराट कोहली को सौंपी। आकाश ने कहा कि धोनी को कप्तान बनने के बाद अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा था। गौरतलब है कि गंभीर ने हाल ही में गांगुली और धोनी की कप्तानी की तुलना करते हुए कहा था कि गांगुली ने अपनी कप्तानी में धोनी की तुलना में टीम में कई मैच जिताने वाले खिलाड़ी तैयार किए थे। उन्होंने कहा कि गंभीर का यह दावा गलत है। उन्होंने कहा कि धोनी की कप्तानी में सुरैश रैना, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, इशांत शर्मा, शिखर धवन, अजिंक्या रहाणे, हार्दिक पांड्या, युजवेंद्र चहल, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और विराट जैसे खिलाड़ी ने अपनी करियर में मुकाम हासिल किया और टीम को मैच जिताने वाले खिलाड़ी बने।

# जोफ्रा आर्चर के भविष्य पर चिंतित हुए वॉन, बोले- फोन कर उसका हौसला बढ़ाओ



**मैनचेस्टर ।**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान का मानना है कि जोफ्रा आर्चर का जैव सुरक्षित वातावरण का घेरा तोडने़ के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है लेकिन उनका मानना है पृथकवास के दौरान इस तेज गेंदबाज का ध्यान रखना जरूरी है। इस 25 वर्षीय गेंदबाज ने पहले टेस्ट मैच के बाद ब्राइटन में अपने घर जाकर जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जिसके कारण उन्हें दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया। वान ने टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा- सच्चाई यह है कि वह घर जाने के लिए तैयार था और इस तरह से उसने कोविड-19 को जैव सुरक्षित वातावरण में प्रवेश का मौका देकर श्रृंखला को खतरे में डाला। उसके अगले सप्ताह खेलने की संभावना कम है। मुझे नहीं लगता कि वे उसे तीसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में रखेंगे। पूर्व कप्तान ने हालांकि कहा कि टीम को आर्चर को इस गलती के लिए क्षमा कर देना चाहिए तथा होटल में पांच दिन के पृथकवास और कोविड-19 के लिए दो परीक्षणों के दौरान उसका साथ देना चाहिए। वान ने कहा- हम यह समझना होगा कि वह युवा है और उसने वास्तव में यह पहली गलती की है। यह महत्वपूर्ण है कि वह इससे क्या सबक लेता है लेकिन इसके साथ ही अगले पांच दिनों में उसका साथ देना भी महत्वपूर्ण है। वह अपने कमरे में बंद रहेगा और कोई उसे देख नहीं सकता। उसे फोन पर लोगों के साथ की जरूरत है। वान ने लिखा- आप किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह से नहीं छोडऩा चाहते हैं जिसने कि गलती की हो। नकारात्मक विचार उसे घेर सकते हैं।

वह ऑनलाइन रहेगा और उसने जो कुछ किया उस पर काफी प्रतिक्रिया देखेगा। यह कहना मुश्किल है कि जो रूट को यह कैसे करना चाहिए। मैं हर दिन आर्चर से बात करूंगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह ठीक है।

## रोहित की फोटो पर चहल का मजेदार कमेंट, लिखा- ये झाडू-पोछा ना लगाने की खुशी है



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड ने विलारियल को 2-1 से मात देकर 34वीं बार ला लीगा का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान भारतीय ओपनर रोहित शर्मा ने खुशी का इजहार करते हुए इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए कहा कि रियाल मैड्रिड एक और जीत। इसके साथ उन्होंने अपनी एक फोटो भी शेयर की जिसमें वह मुसकराते हुए नजर आए। हालांकि इस दौरान युजवेंद्र चहल एक बार फिर मस्ती के मूड में दिखे और धमाकेदार ओपनर को ट्रोल कर दिया। रोहित ने अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा, बैग में एक और खिताब। रियल मैड्रिड वास्तव में इस कठिन समय के दौरान एक टीम के रूप में एक साथ आया। बधाई हो! अंत में साल की कुछ अच्छी खबर जिसमें किसी भी तरह की कमी नहीं है। रोहित की इस फोटो पर चहल ने ट्रोल करते हुए लिखा, इस मुसकराहट के पीछे कारण है कि आज घर का काम नहीं करना पड़ेगा, ना ही झाड़ू और ना हो पोछा। जहां रोहित शर्मा की इस पोस्ट लोगों ने काफी पसंद किया है। चहल का कमेंट भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है। कई लोगों ने चहल के कमेंट पर रिप्लाई किया। एक यूजर ने लिखा आपको खुद हो रहा है कि आपको ऐसा मौका नहीं मिलेगा। एक अन्य यूजर ने लिखा, चहल भाई आपका भी टाइम आने ही वाला है। गौर हो कि कोरोना वायरस महामारी के कारण भारतीय क्रिकेटर घरों में ही लॉकडाउनल ही हैं और बीसीसीआई की तरफ से ट्रेनिंग शुरू होना इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक आने वाले दिनों में बीसीसीआई यूएई में भारतीय खिलाड़ियों की ट्रेनिंग शुरू कर सकती है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# फिल्मी दुनिया



## अमिताभ, रेखा और अनुपम खेर के बाद अब जोया अख्तर का घर हुआ सील, बीएमसी ने लगाया नोटिस


**मुंबई।** देशभर में कोरोनावायरस अपने पैर जमाए बैठा है। आए दिन कई हजारों की संख्या में ये लोगों को अपना शिकार बना रहा है। जहां तक कि फिल्म इंडस्ट्री भी इसके संक्रमण से नहीं बच पाई है। अब तक बॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स कोरोना का शिकार हो चुके हैं। जिसके बाद बीएमसी ने उनके घरों को सेनिटाइज करके सील कर दिया है। खबर है कि अमिताभ और रेखा के बाद अब जोया अख्तर के घर को भी बीएमसी ने सील कर दिया है। बता दें अमितभ, अभिषेक,ऐश्वर्या और उनकी बेटी के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद बीएमसी ने उनके बंगले को सील कर दिया था। इतना ही नहीं अनुपम खेर और रेखा के बंगले में भी कोरोना के दस्तक के बाद उसे सील कर दिया गया। वहीं अब जोया अख्तर के घर को भी बीएमसी ने सील कर दिया है। जावेद अख्तर एक्ट्रेस रेखा की पड़ोसी हैं और दोनों के बंगले साथ में ही सटे हुए है। अभी तक जोया अख्तर और उनके परिवार का कोरोना संक्रमण से बचाव है। ऐसे में बीएमसी ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनका भी घर सील कर दिया है। बताते चलें रेखा के बंगले में अब तक चार लोगों को कोरोना वायरस का संक्रमण हो चुका है। जिसके बाद बीएमसी ने उनके घर को सेनिटाइज किया और कंटेनमैंट जोन घोषित कर उनके बंगले को सील कर दिया है।

## अनलॉक होते ही बांद्रा की सड़कों पर डॉगी संग स्पॉट हुईं मलाइका अरोड़ा



**मुंबई।** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने फैशन और फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। वहीं लॉकडाउन के कारण मलाइका लंबे समय से घर में ही है। इसी बीच अनलॉक होने के मलाइका को अपने डॉगी कैसपर के साथ चार महीने बाद घर से बाहर स्पॉट किया गया है। इस दौरान की तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में मलाइका व्हाइट कलर की आउटफिट में स्टाइलिश लग रही हैं। उनका ये सिंपल लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। सेफ्टी का ध्यान रखते हुए उन्होंने मास्क भी लगा रखा है। मलाइका की ये तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले मलाइका ने फैंस को कोरोनावायरस से जुड़ा एक मैसेज दिया था। उन्होंने कहा था घर पे रहो। इसके साथ ही उन्होंने तस्वीरें भी शेयर की थीं। इसके अलावा मालइका ने एक वीडियो पोस्ट कर इम्यूनिटी बूस्टर के बारे में एक रेसिपी भी शेयर की थी। पर्सनल लाइफ की बात करें तो मलाइका इन दिनों एक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। लॉकडाउन से पहले अक्सर कपल को डिनर या मूवी डेट पर स्पॉट किया जाता था।

## हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस नाया रिवेरा का निधन, एक हफ्ते बाद झील किनारे मिली डेड बॉडी



**बॉलीवुड ।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस नाया रिवेरा का निधन हो गया है। रिपोट्र्स के मुताबिक नाया की डेड बॉडी छह दिन बाद साउथ कैलिफोर्निया के लेक पीरू के पास मिली। इस बात की जानकारी वेंचुरा काउंटी के शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। नाया रिवेर 8 जुलाई को कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में लेक पीरू झील में चार साल के बेटे के साथ स्विमिंग करने गईं थी। वहां उन्होंने 3 घंटे के लिए एक बोट किराए पर लिया और बेटे के साथ झील के बीच पहुंच गईं। वहां झील में तैरते हुए एक्ट्रेस वहीं डूब गई और फिर वापस नहीं आई। उनका बेटा नाव पर अकेला बैठा हुआ मिला था। शेरिफ़ के कार्यालय ने भी इस बात को कन्फर्म करते हुए बताया कि झील से मिला शव नाया रिवेरा का ही है। एक्ट्रेस के निधन की खबर सुन पूरी हॉलीवुड इंडस्ट्री में सन्नाटा पसरा हुआ है। स्टार्स सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। बता दें रिवेरा ने बहुत कम उम्र में ही एक्टिंग की शुरूआत कर दी थी। उन्होंने चार साल की उम्र में सीबीएस चैनल पर ब्रॉडकास्ट रॉयल फैमिली शो से शुरुआत की थी, लेकिन 2005 में फॉक्स चैनल पर आने वाले शो ग्ली में एक लेस्बियन टीन सैंटेना लोपेज के रोल से उन्हें खूब पहचान मिली। नाया साल 2014 में हॉरर मूवी डेविल्स डोर में नजर आईं थीं। इस फिल्म के को-स्टार रयान डोर्सी से ही उन्होंने शादी कर ली थी। लेकिन शादी के कुछ साल बाद और रयान का तलाक हो गया था। जिसे एक्ट्रेस को एक बेटा हुआ था, जो अभी चार साल का है।

## काजोल ने याद किया 90 के दशक का कर्ली हेयर लुक

**मुंबई ।** अभिनेत्री काजोल ने सोमवार को अपने सोशल अकाउंट पर थ्रोबैक तस्वीर साझा की जिसमें उन्हें चमकदार, लम्बे घने कर्ल बालों में देखा जा सकता है। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पर यह हेयर लुक साझा किया।1990 के दशक की लग रही यह फोटो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, क्या..कसम से यह हेयरस्टाइल ट्रेंड में था..एक जमाने में। इस पोस्ट पर कई फैंस ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।एक यूजर ने कमेंट में लिखा, बाल धोने के बाद जब स्पा न मिले। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, बाल धोने के बाद जब स्पा न मिले। एक अन्य ने लिखा, आप इस हेयर स्टाइल में बहुत अच्छी लग रही हैं। अभिनय की बात करें तो काजोल फिल्म त्रिभंगा से अपना डिजिटल डेब्यू करती नजर आएंगी, जिसका निर्देशन रेणुका शहाणे कर रही हैं।

## दिल को छू लेगी सेलिना जेटली और लिलेट दुबे की शॉर्ट फिल्म सीजन ग्रीटिंग्स

**मुंबई।**



कोरोना वायरस की वजह से हुए लॉकडाउन के समय जहां ज्यादातर ओटीटी प्लेटफॉर्म आतंक, रक्त और थ्रिलर के बारे में बात कर रहे हैं। वहीं प्रसिद्धि निर्देशक राम कमल मुखर्जी ने अपने दूसरे ग्रीटिंग सीजन को लेकर आ गए हैं। फिल्ममेकर राम कमल मुखर्जी की हिंदी फीचर फिल्म बंगाली निर्देशक रितुपर्णो घोष के लिए एक श्रद्धांजलि है जो डिफरेंट ह्यूमन इमोंशंस को टच करती है। फिल्म का पहला सीन आपको महान फिल्मकार रितुपर्णो घोष की याद दिलाएगा। ये एक कोलकाता में बेस्ड कहानी है। सीजन ग्रीटिंग्स जो मां-बेटी के रिश्ते के बारे में है। इसमें सेलिना जेटली और लिलेट दुबे लीड रोल में हैं। यह महज 45 मिनट की फिल्म हैं। फिल्म में सुचित्रा बनीं लिलेट दुबे अपने घर में रहतीं हैं, लेकिन वह अपने पति से 15 साल तक अलग रहने के बाद खुद को अकेला महसूस करती है। इस शॉर्ट फिल्म की खास बात यह है की इसके जरिए एक्ट्रेस सेलिना जेटली बॉलीवुड में वापसी की है रोमिता ( सेलिना ) और उनके लिव-इन बॉयफ्रेंड उस्मान (अजहर खान) की कहानी है। जैसा कि दोनों प्यार करते हैं, वे बहुत ही मार्मिक रूप से दिखाते हैं कि एक हिंदू महिला को मुस्लिम पुरुष के साथ प्यार में पड़ने के लिए उनकी पृष्ठभूमि पर विचार करना कितना अलग है। उनकी बातचीत सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन गाने और खूबसूरत बैकग्राउंड स्कोर की दिल खुश हो जाता है। जल्द ही रोमिता अपनी मां को उस्मान से मिलाने का फैसला करती है। वह हर बंगाली घराने की तरह, वह पाँच-स्तरीय बंगाली भोजन और शराब के कुछ गिलास के साथ दोनों का स्वागत करती है। सुचित्रा अपनी बेटी के जीवन के प्यार को समझने की कोशिश करती है। देखने में ऐसा लगता है कि, रोमिता अपनी मां के लिए आश्चर्यचकित है, लेकिन दोनों के अंत अपने अपने रहस्य उजागर होते हैं, और सुचित्रा और रोमिता के बीच की द्वंद्वात्मकता को सही ढंग से स्थापित किया जाता है क्योंकि दोनों एक दूसरे के साथ टकराते हैं। वहीं फिल्म का क्लाइमेक्स काफी चौंकाने वाला है। इसे डारेक्टर राम कमल मुखर्जी ने पूरी फिल्म को एक खूबसूरत कविता की तरह बुना है, जो धीरे-धीरे आपके दिल को छू जाती है। फिल्म एंड तक आते आते आपके दिल को पिघला देगी। फिल्ममेकर राम कमल मुखर्जी सीजन्स ग्रीटिंग्स में ये एहसास दिलाने में कामयाब रहे है कि मानव संबंधों का बंधन कितना नाजुक होता है। ये फिल्म डिफरेंट ह्यूमन इमोंशंस को टच करती है। एक्टिंग की बात करें तो, लिलेट दुबे ने हमेशा की तरह संतुलित मां की भूमिका निभाई हैं। हालांकि, हैरान की बात यह है कि सेलिना की एक्टिंग ने सरप्राइज किया है। उनकी आँखें बातें करती नजर आती हैं। फिल्म मां-बेटी के रिश्ते और ट्रांसजेंडर चरित्र को संवेदनशील तरीके से दर्शाती है। यह फिल्म संयुक्त राष्ट्र फ्री और इक्वल के साथ सहयोग करने वाली भारत की पहली फिल्म बन गई है। फिल्म अनुच्छेद 377 और समुदाय से संबंधित है।



## प्रियंका ने महिलाओं के बिजनेस को सपोर्ट करने की अपील की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कोरोना संकट काल में महिलाओं के बिजनेस को सपोर्ट करने की लोगों से अपील की है।प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम एक वीडियो शेयर कर महिलाओं को प्रेरित करके चलने वाले बिजनेस को सपोर्ट करने की अपील की है। उनका कहना है कि कोरोना वायरस महामारी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। यहां तक कि छोटे बिजनेस को भी। बिजनेस के ठप पड़ने और हार्डवर्क करने वाले कर्मचारियों को देख कर मुझे काफी तकलीफ हुई है। लेकिन मैं महिलाओं से जुड़े कुछ छोटे बिजनेस का समर्थन करके एक छोटी सी शुरुआत करती हूं ताकि उनकी गाड़ी दोबारा पटरी पर लौट सके।प्रियंका ने कहा, फ्रहम सभी हमेशा अपना बेस्ट देकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। फिलहाल कोरोना से दुनिया प्रभावित है। इसलिए जरूरी है कि इस समय सभी एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े रहें। मैंने एक छोटी सी पहल की शुरुआत की है। मैंने उनकी प्रोफाइल मेरे इंस्टाग्राम स्टोरी में साझा की हैं। कृपया उनका समर्थन करें। उन्हें फॉलो करें या खरीददारी करें। जो कुछ भी आप मदद कर सकते हैं। यदि आप भी किसी ऐसे बिजनेस को जानते हैं जिसको सपोर्ट की सबसे ज्यादा जरूरत है तो उसे कमेंट बॉक्स में टैग करें। मुझे उसके बारे में बताए और मैं उनमें से कुछ साझा करने का प्रयास करूंगी।

## सरोज खान का कोरियाग्राफ किया गाना मार डाला बेहद मुश्किल : माधुरी

**मुंबई ।**



बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का कहना है कि फिल्म देवदास में सरोज खान का कोरियोग्राफ किया गाना 'मार डाला' बेहद ही मुश्किल गाना था। संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म देवदास को प्रदर्शित हुए 18 साल हो गए हैं। फिल्म में शाहरुख खान , माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। माधुरी ने फिल्म को याद करते हुए कहा कि सरोज खान के साथ कोरियाग्राफ किया गाना 'मार डाला' बेहद मुश्किल था। माधुरी ने इंस्टाग्राम पर सरोज खान के साथ देवदास के इस गाने पर एक वीडियो साझा करते हुए उन्हें याद किया और लिखा, फिल्म के सारे ही गाने काफी भव्य थे। पहले मैंने सरोज जी के साथ ऐसा क्लासिकल गाना नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि यह गाना कथक स्टाइल का है, जरा संभाल लेना। देवदास फिल्म के सारे गानों पर हमने बहुत मेहनत की है। हम शाम के सात बजे से लेकर सुबह तक पूरी रात शूट किया करते थे। जब भी मैंने और सरोज जी ने साथ में काम किया, हमने कभी नहीं सोचा कि डांस के स्टेप्स कितने आसान हो सकते हैं, हम सोचते थे कि उसे कठिन बनाया जाए। माधुरी दीक्षित ने लिखा, मार डाला गाने में ऐसे कई स्टेप्स हैं, जो बहुत कठिन हैं। एक स्टेप में मुझे घुटनों पर घूमकर फिर झुककर मार डाला स्टेप करना था। कई बार मैं फिसल भी जाती थी। गाने में मार डाला.. को चार-पांच तरीके से कहा गया है। सरोज जी ने कहा कि इस पर हम स्टेप्स न डालकर चेहरे से अभिव्यक्त करेंगे। मार डाला... लाइन पर किसी जगह आश्चर्य, उदासी, ऐसे कि जैसे तुम मुझसे प्यार नहीं करते, पर मैं करती हूं जैसी अभिव्यक्ति दिखाई गई है। इस गाने में पीड़ा, खुशी वे सारे भाव हैं जो चंद्रमुखी महसूस करती है। मुझे आज भी याद है कि इस गाने के शूट हो जाने के बाद सरोज जी के चेहरे पर मुस्कान थी।

## लॉकडाउन के चलते अबुधाबी में फंस गई थी मौनी रॉय, 4 महीने बाद लौट रहीं अपने देश



**बॉलीवुड ।** कोरोनावायरस के कारण लगे लॉकडाउन में एक्ट्रेस मौनी रॉय पिछले चार महीनों से अबुधाबी में फंसी हुई थीं। लेकिन अब एक्ट्रेस को वहां लौट रही हैं जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करके दी है। एक्ट्रेस का ये वीडियों इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। मौनी ने जो वीडियो शेयर की हैं उसमें वो मास्क और फेस शील्ड पहने हुए नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में टाटा लिखा और हवाईजहाज का साइन डाला है। फैंस मौनी का ये दुबई से वापस लौटने का वीडियो देख काफी खुश हो रहे हैं और उन्हें सेफ रहने की सलाह भी दे रहे हैं। फैंस मौनी का ये दुबई से वापस लौटने का वीडियो देख काफी खुश हो रहे हैं और उन्हें सेफ रहने की सलाह भी दे रहे हैं। काम की बात करें तो एक्ट्रेस की अपकमिंग फिल्म ब्रह्मास्त्र है। इस फिल्म में मौनी एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट् ट के साथ नजर आएंगी।

## मेकर्स ने रिलीज किया फ्रेंच बिरयानी का पोस्टर, कॉमेडी से भरपूर होगी फिल्म

**नई दिल्ली।** फ्रेंच बिरयानी बहुप्रतीक्षित कन्नड़ फिल्म है जो अमेजन प्राइम वीडियो पर एक वैश्विक ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है, जिसे पहले सिनेमाघरों में रिलीज के लिए निर्धारित किया गया था। निर्माताओं ने आज फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया है और हम सभी ट्रेलर के लिए उत्साहित हैं जिसे दो दिनों में रिलीज किया जाएगाा और कहानी आप कतई मिस नहीं करना चाहेंगे। इस कॉमेडी फिल्म में आगे क्या होता है उसका खुलासा कहानी के ट्विस्ट एंड टर्न्स के साथ सामने आएगा। इस सफर का परिणाम फ्रेंच बिरयानी के दिल की बात है। नसीब द्वारा डाले गए हर गलत मसाले के साथ, यह निश्चित रूप से एक बेस्वाद रेसिपी बन कर सामने आएगी।फ्रेंच बिरयानी प्राइम वीडियो कैटलॉग में हॉलीवुड और बॉलीवुड के हजारों टीवी शो और फिल्मों में शामिल होंगी। फ्रेंच बिरयानी अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होने वाली सात बहुप्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में शामिल है, जिसमें गुलाबो सीताबो, शकुंतला देवी, पेंगुइन, सूफियम सुजातायम, लॉ और पोनमगल वंदल जैसी फिल्में सूचीबद्ध हैं।फ्रेंच बिरयानी एक आगामी कन्नड़ फिल्म है जो 24 जुलाई, 2020 में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म पन्नगा भराना द्वारा निर्देशित है और इसमें दानिश सैत, , पितोबाश त्रिपाठी, सल यूसुफ और दिशा मदन मुख्य किरदार निभाएंगे। फ्रेंच बिरियानी 24 जुलाई से केवल अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर एक विश्व प्रीमियर के लिए निर्धारित है। पितोबाश त्रिपाठी, सल यूसुफ और दिशा मदन मुख्य किरदार निभाएंगे। फ्रेंच बिरियानी 24 जुलाई से केवल अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर एक विश्व प्रीमियर के लिए निर्धारित है।

## कॉकटेल के पूरे हुए 8 साल, दीपिका के साथ डायना से शेयर किया VIDEO

**नई दिल्ली।**



फिल्म कॉकटेल में दोस्त के रूप में दीपिका और डायना की केमिस्ट्री इतनी सरल थी कि ऐसा महसूस ही नहीं हुआ कि वे स्क्रीन पर परफॉर्म कर रहीं है।हाल ही में, कॉकटेल के 8 साल पूरे होने पर, हमें दीपिका की निजी वेबसाइट पर डायना पेंटी द्वारा लिखित एक दिल छू लेने वाला नोट मिला। डायना ने लिखा कि दीपिका पादुकोण के साथ मेरी पहली फिल्म थी। मेरी पहली फिल्म में मेरे पहले सह-अभिनेता के रूप में, दीपिका ने काफी प्रभाव पैदा किया, मेरे डर को दूर किया और मुझे एक ऐसी दुनिया में एक यादगार शिक्षा दी जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं थी। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मैं युवा था, एक पेशेवर मॉडल, जो अचानक एक नए ब्रह्मांड में आ गयी थी जो इतने सारे अज्ञात लोगों से भरा हुआ था। दीपिका तब तक बहुत सी फिल्में कर चुकी थीं, एक उभरता स्टार लेकिन फिर भी वह बेहद नर्म दिल इंसान थी, और अपने चेहरे पर एक मुस्कान के साथ हमेशा स्वागत किया और जिससे मुझे इस क्रू का हिस्सा होना का अहसास हुआ। उन्होंने आगे कहा किमुझे याद है कि शूटिंग के पहले दिन, जो लंदन में था, मैं अपने होटल के कमरे में अकेली बैठी थी, जब मुझे दीपिका का एक मैसेज मिला, जिसमें उन्होंने मुझे रात के खाने में शामिल होने के लिए कहा। जब मैं उनसे उस शाम मिली, तो मुझे महसूस हुआ कि सैफ, होमी, डिनो और कुछ अन्य लोग वहाँ थे। उन्होंने मुझे शामिल करने की पूरी कोशिश की और हम जल्द ही एक ही जगह पर 2 डीपी बन गए थे! मैंने उनसे भी सीखा – बेहद प्रोफेशनल, दीपिका का अनुशासन अनुकरणीय था। उन्हें शूटिंग में कभी देर नहीं होती थी और कोई फर्क नहीं पड़ता की हम कितने बजे पैक अप कर रहे हैं।

वह हमेशा कई अन्य चीजों के बीच जिम जाना नहीं भूलती थी। मुझे यह भी याद है कि उन्होंने कैसे खुद को अविश्वसनीय वेरोनिका में बदल लिया, एक ऐसा किरदार जो व्यक्तिगत रूप से उनके जैसा बिल्कुल भी नहीं था। सचमुच मेरे होश उड़ गए थे। मैं अभी भी दंग रह जाती हूं जब मैं उन्हें स्क्रीन पर कई यादगार किरदारों में ढलते हुए देखती हूं और कैसे वह व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से इतनी बहादुर शख्सियत है। उनकी मुस्कान आज भी उतनी ही नरम है और मेरे लिए वह हमेशा मेरी मीरा की वेरोनिका रहेंगी।फिल्म और अपने किरदार का जश्न मनाने के लिए दीपिका ने सोशल मीडिया पर अपना नाम बदलकर वेरोनिका रख लिया और यह फिल्म हमेशा हम सभी के लिए बेहद खास रहेगी।

## कोविड-19 महामारी के बीच चीन के प्रथम मंगल अभियान की तैयारी जारी

**बीजिंग।**

चीन ने अपने प्रथम मंगल अभियान के तहत एक 'रोवर' भेजने के लिये कोविड-19 महामारी के बीच अपनी तैयारी जारी रखी है और इसके लिये 'लॉग मार्च-5 रॉकेट' को प्रक्षेपण स्थल पर ले जाया गया है। ''तियानवेन-1'' नाम से चीन का यह मंगल अभियान ''लाल ग्रह'' (मंगल) के लिये आगामी तीन अभियानों में एक है, जिनमें एक अमेरिका का और एक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का मिशन है। लॉग मार्च-5 रॉकेट चीन का सर्वाधिक भार वाहक प्रक्षेपण यान है और इसका तीन बार प्रयोग किया जा चुका है, लेकिन इसपर कभी पैलोड नहीं था। चीन का प्रथम मंगल अभियान बताये जा रहे ''तियानवेन-1'' का उद्देश्य वैज्ञानिक आंकड़े जुटाने के लिये लाल ग्रह पर एक रोवर उतारना है। चीनी राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के हवाले से सरकारी मीडिया द्वारा जारी खबरों के मुताबिक रॉकेट जुलाई या अगस्त के अंत में हैनान प्रांत के दक्षिणी द्वीप में स्थित वेंचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाने वाला है। चीन के इस अभियान को उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में सर्वाधिक महत्वाकांक्षी माना जा रहा है। कोरोना वायरस महामारी फैलने के बावजूद इस अभियान की तैयारियां जोरों पर है, जबकि यूरोप और रूस ने मंगल पर इस साल की गर्मियों में रोवर भेजने की अपनी योजनाएं स्थगित कर दी है। अमेरिका कार से भी बड़े आकार का रोवर भेज रहा है, जिसका नाम 'परजरवेंस' है। यह वहां के चट्टानों के नमूने एकत्र कर विश्लेषण के लिये करीब एक दशक में धरती पर लएगा। इसका प्रक्षेपण 30 जुलाई से 15 अगस्त के बीच होने का कार्यक्रम है। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात का अमाल या ''होप''नाम का अंतरिक्ष यान एक आर्बिटर है जिसे यूनिवर्सिटी ऑफ कोलेरैडो बोल्डर की साझेदारी से बनाया गया है और इसे सोमवार को जापान से प्रक्षेपित किये जाने का कार्यक्रम है।

यह अरब जगत का पहला अंतर ग्रहीय अभियान होगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक अमेरिका ही एकमात्र ऐसा देश है जिसने मंगल पर सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारा है और उसने यह कमाल आठ बार किया। नासा के दो लैंडर वहां संचालित हो रहे हैं, 'इनसाइट' और 'क्यूरियोसिटी'। छह अन्य अंतरिक्ष यान मंगल की कक्षा से लाल ग्रह की तस्वीरें ले रहे हैं।

## भारत को तेवर दिखा रहे चीन को अमेरिका का जवाब- हम खडें हैं अपने मित्र के साथ

**इंटरनेशनल डेस्क।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह भारत और चीन के लोगों के लिए शांति बनाए रखने के वास्ते हरसंभव कदम उठाना चाहते हैं। पिछले कई हफ्तों में ट्रंप प्रशासन चीन के खिलाफ भारत के समर्थन में आगे आया है। ट्रंप ने कहा कि मैं भारत के लोगों को प्यार करता हूं और मैं चीन के लोगों को प्यार करता हूं और मैं उन लोगों के लिए शांति बनाए रखने के वास्ते हरसंभव कदम उठाना चाहता हूं। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हाल ही में गतिरोध पैदा हुआ था, जिसे लेकर अमेरिका गंभीर दिखाई दे रहा है। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि अगर चीन मित्र देशों को परेशान करने की कोशिश करेगा तो वह दक्षिण चीन सागर से हिमालय तक अपने मित्र देशों के साथ खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि जब दुनिया कोविड से लड़ रही है तो चीन ने अपने नापाक अभियान को और बढ़ा दिया है। उसे लगता है कि वह जो कर रहा है, वही सही है। वहीं व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार लैरी कुडलॉ ने भारत को बड़ा सहयोगी बताते हुए कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत अच्छे मित्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच शानदार रिश्ते हैं। व्हाइट हाउस के बयान का स्वागत करते हुए ट्रंप विक्ट्री इंडियन अमेरिकन फाइनेंस कमिटी के सह-अध्यक्ष अल मैसन ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति के विपरीत ट्रंप भारत के समर्थन में खुले तौर पर आ गए हैं। मैसन ने एक बयान में कहा कि ज्यादातर भारतीय-अमेरिकियों ने देखा है कि पहले जो भी राष्ट्रपति रहा चाहे वह डेमोक्रेट हो या रिपब्लिकन जैसे कि क्लिंटन या बुश या ओबामा, ये सभी चीन के नाराज होने के डर से खुले तौर पर भारत का पक्ष लेने से डरते रहे। केवल राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत में हुई नमस्ते ट्रंप रैली में एक अरब से अधिक भारतीयों से यह कहने का साहस दिखाया कि मैं भारत को प्यार करता हूं।

## चीन की चुनौतियों का जवाब देने का समय आ गया है : पोम्पिओ

**वाशिंगटन।**


अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दे। पोम्पिओ ने कहा कि दुनिया को बताने से काफी पहले ही चीन की सरकार को कोरोना वायरस के एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने के बारे में पता था। पोम्पिओ ने 'फोक्स न्यूज' के बिल हेमर को बृहस्पतिवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''दक्षिणपूर्वी एशिया में ही नहीं बल्कि एशिया में, यूरोप में देशों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों के बारे में पता चल गया है। अमेरिका ने भी काफी लंबे समय तक इस पर गौर नहीं किया।'' उन्होंने कहा, '' मेरा मानना है कि उन सभी ने भी यही किया और मुझे लगता है कि अब वे सभी एक संयुक्त निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इसे सही करने का समय आ गया है।''पोम्पिओ ने कहा, '' दुनिया में लोकतंत्र और स्वतंत्रता से प्रेम करने वाले लोगों के लिए यह जरूरी है कि हम चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दें।''उन्होंने कहा कि लगातार 40 साल तक अमेरिकी प्रशासन दूसरी ओर देखता रहा और चीन को अमेरिका का फायदा उठाने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ''अब और नहीं''। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका निष्पक्ष, पारस्परिक व्यापारिक संबंध बनाएगा और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से व्यवहार करने की मांग करेगा जैसा अमेरिका वहां जाने वाले लोगों के साथ करता है। व्यवहार करने की मांग करेगा जैसा अमेरिका वहां जाने वाले लोगों के साथ करता है।

## पाकिस्तान ने कुलभूषण जाधव को राजनयिक संपर्क मुहैया कराया, भारत ने कहा - मुलाकात सार्थक नहीं

**इस्लामाबाद ।**

नयी दिल्ली, 16 जुलाई (भाषा) पाकिस्तान ने मौत की सजा का सामना कर रहे भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव को बृहस्पतिवार को राजनयिक संपर्क मुहैया कराया। लेकिन भारत सरकार ने कहा है कि यह ''न तो सार्थक था और ना ही विश्वसनीय'' था तथा जाधव तनाव में नजर आए। जाधव (50) भारतीय नौसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें जासूसी एवं आतंकवाद के आरोपों में अप्रैल 2017 में पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। इसके बाद, भारत ने जाधव को राजनयिक संपर्क मुहैया नहीं किये जाने के खिलाफ और उनकी मौत की सजा को चुनौती देने के लिये हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) का रुख किया। आईसीजे ने पिछले साल जुलाई में कहा था कि पाकिस्तान को जाधव की दोषसिद्धि एवं सजा की प्रभावी समीक्षा करनी होगी और पुनर्विचार करना होगा, साथ ही बगैर किसी देर के भारत को राजनयिक स्तर पर उनसे संपर्क करने की भी इजाजत दी जाए। पाक विदेश कार्यालय ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के दो अधिकारियों का जाधव से बेरोक-टोक और निर्बाध संपर्क मुहैया कराया गया। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारत को भरोसा दिलाया था कि राजनयिक संपर्क बेरोक-टोक, निर्बाध और बिना किसी शर्त के होगा, लेकिन मुलकात के लिये किये गये इंतजाम इस्लामाबाद द्वारा दिये गये आश्वासन के अनुरूप नहीं थे। प्रवक्ता ने कहा, ''मुलाकात के लिये ना तो माहौल और ना ही इंतजाम, पाकिस्तान द्वारा दिये गये आश्वासन के अनुरूप थे।'' भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, ''राजनयिक अधिकारियों को जाधव से बेरोक-टोक, निर्बाध और बिना शर्त संपर्क नहीं करने दिया गया।

### संक्षिप्त समाचार



## अंतरिक्ष यान ने लीं सूर्य की सबसे नजदीकी तस्वीरें, हर जगह दिख रही आग

**केप केनवेरल।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यान ने सूर्य की अब तक की सबसे नजदीकी तस्वीरें ली हैं जिनमें हर जगह छोटी-छोटी अनगिनत आग की लपटें उठती दिखाई देती हैं। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यान 'सोलर ऑर्बिटर द्वारा ली गईं पहली तस्वीरें बृहस्पतिवार को जारी कीं। यह यान फरवरी में केप केनवेरल से रवाना हुआ था। इसने जब तस्वीरें लीं तो उस समय यह सूर्य से लगभग सात करोड़ 70 लाख किलोमीटर की दूरी पर यानी कि धरती और सूरज के बीच लगभग आधे रास्ते में था। यान द्वारा ली गईं सूर्य की इन तस्वीरों में हर जगह छोटी-छोटी अनगिनत आग की लपटें उठती दिखाई देती हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के परियोजना वैज्ञानिक डेनियल मुलर ने कहा कि टीम ने आग की इन लपटों को ''कैम्फायर्स%% नाम दिया है।

## चीनः खराब सामग्री से उत्पाद बनाने का आरोप लगने पर बर्गर किंग ने माफी मांगी

**बीजिंग।** बर्गर किंग कंपनी की चीन स्थित इकाई ने अपने उत्पाद में खराब हो चुकी सामग्री का इस्तेमाल करने पर सार्वजनिक रूप में माफी मांगी है और सरकार के साथ जांच में सहयोग का वादा किया है। सरकारी टीवी चैनल ने इस बात का खुलासा किया था कि बर्गर किंग ने अपने उत्पाद में खराब हो चुकी सामग्री का इस्तेमाल किया। नेनचांग शहर में बृहस्पतिवार को आयोजित वार्षिक उपभोक्ता सुरक्षा कार्यक्रम में बर्गर किंग की आलोचना की गई थी। सरकारी मीडिया के अनुसार नेनचांग, बीजिंग, शंघाई और अन्य क्षेत्रों में बर्गर किंग की दुकानों की जांच के आदेश दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बर्गर किंग ने कहा कि नेनचांग की दुकान फ्रेंचाइजी द्वारा चलाई जा रही थी। कंपनी ने प्रबंधन में गड़बड़ी÷ के लिए माफी मांगी और कहा कि रेस्तरां को जांच के लिए बंद कर दिया गया है। बर्गर किंग ने कहा, हमने अपने उपभोक्ताओं को निराश किया है। हम इसके लिए माफी मांगते हैं।

## कोविड-19 : चीन ने हांगकांग से आने वाले लोगों पर नए प्रतिबंध लगाए

**बीजिंग।** हांगकांग से चीन आने से पहले अब लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित ना होने का प्रमाणपत्र देना होगा और इसके साथ ही 14 दिन तक पृथक भी रहना होगा। चीन ने अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देख नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, कोविड-19 की जांच, आने से तीन दिन पहले कराई जानी चाहिए। इसमें छात्रों, रोजाना सीमा पार करने वाले ट्रक चालकों सहित ''विशेष उद्योगपतियों'' और द्विपक्षीय नीतियों के तहत मान्यता प्राप्त लोगों को पृथक रहने के नियम से छूट दी गई है। यह नए प्रतिबंध शुक्रवार सुबह 10 बजे से लागू होंगे। हांगकांग में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के सर्वाधिक 67 नए मामले सामने आए थे।

## क्रूरताः 51 साल की अश्वेत महिला की गर्दन पर खड़ा हो गया पुलिसवाला, टूट गई हड्डी



**इंटरनेशनल डेस्क।** अमेरिका में अश्वेत नागरिक जार्ज फ्लॉयड की पुलिस क्रूरता से हुई मृत्यु के बाद आंदोलन शुरू हुआ और दुनिया भर में अश्वेत लोगों के खिलाफ पुलिस क्रूरता को लेकर बहस छिड़ गई। अब ब्राजील में एक 51 साल की अश्वेत महिला के साथ पुलिस वाले की क्रूरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला सड़क पर लेटी है और ये पुलिसवाला महिला की गर्दन पर खड़ा नज़र आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस वाला 5 बच्चों की मां एक महिला की की गर्दन पर खड़ा हो जाता है। पुलिसवाले की इस हरक़त से महिला की गर्दन की हड्डी टूट गई और उसे 16 टांके भी आए हैं। घटना ब्राजील के साओ पाउलो शहर की बताई जा रही है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद साओ पाउलो के गवर्नर जोआओ डोरिया ने दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। गवर्नर ने शहर के 2 हजार पुलिसकर्मियों को बॉडी पर कैमरा लगाने के आदेश भी दिए हैं ।

## अमेरिका में डाक सेवा पर आर्थिक संकट, देर से पहुंचेगी डाक

**वाशिंगटन।** नव नियुक्त पोस्ट मास्टर जनरल द्वारा खर्च कम करने के लिए उठाए गए कदमों के कारण अमेरिका में डाक से सामान पहुंचने में एक से अधिक की देरी हो सकती है। योजना के तहत हजारों डाक कर्मियों की निर्धारित समय से ज्यादा सेवा नहीं ली जाएगी। डाक विभाग ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान डाक सेवा को जीवित रखने के लिए कर्मचारियों को अलग मानसिकता से काम करना होगा। इसके तहत, अब देर रात तक सामान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसोसिएटेड प्रेस को प्राप्त एक दस्तावेज के अनुसार डाक सेवा के अधिकारियों ने कहा कि यदि डाक वितरण केंद्र से देर होती है तो डाक अगले दिन जाएगी। एक अन्य दस्तावेज के अनुसार, इन बदलावों का एक पक्ष यह है कि अस्थायी रूप से डाक काम करने की जगह पर, फर्श पर या अन्यत्र छोड़ी जा सकती है। इससे कर्मचारियों को दिक्कत हो सकती है। पोस्ट मास्टर जनरल लुई डी जॉय के पदभार संभालने के बाद यह बदलाव किए गए हैं । एक परिपत्र में डाक विभाग ने कहा कि एक दशक से डाक सेवा को घाटा हो रहा था जो कोरोना वायरस महामारी के कारण और बढ़ गया। डाक सेवा अधिकारियों का कहना है कि यदि अमेरिकी संसद से उन्हें आर्थिक सहायता नहीं मिलती है ।

## 6 साल के बहादुर भाई को कैप्टन अमेरिका ने भेजा खास तोहफा, बोले-तुम हो असली हीरो

**इंटरनेशनल डेस्क।**

6 साल के ब्रिजर वॉकर की बहादुरी को आज पूरी दुनिया सलाम कर रही है। अपनी बहन को बचाने के लिए इस मासूम ने जो किया वो शायद ही कोई करने की हिम्मत दिखा सकता है। अभिनेता क्रिस इवांस भी इस बच्चे की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। कैप्टन अमेरिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी करते हुए ब्रिजर की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बच्चा किसी सुपरहीरो से कम नहीं है। इसके साथ ही इवांस ने ब्रिजर को एक शील्ड गिफ्ट करने का भी वादा किया है। बता दें कि वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल ने भी 6 साल के ब्रिजर वॉकर को ऑनरेरी वर्ल्ड चैंपियन घोषित कर दिया है। दरअसल अमेरिका के रहने वाले ब्रिजर की बहन पर एक कुत्ते ने हमला कर दिया। अपनी बहन को बचाने के लिए वह कुत्ते से भीड़ गया, इस हमले में वॉकर के चेहरे और जबड़े पर गंभीर चोट आई।वह कुत्ते से भीड़ गया, इस



हमले में वॉकर के चेहरे और जबड़े पर गंभीर चोट आई। दो घंटे लंबी सर्जरी में वॉकर के चेहरे पर 90 टांके लगे। जब डाक्टर ने उससे पूछा कि तुम वहां से क्यों नहीं पूछा तो ब्रिजर ने कहा कि एक को तो मरना ही था तो मैं क्यों नहीं।

## कोरोना संकट के बीच चीन की मंगल जाने की तैयारी, जल्द पूरा होगा मिशन



**इंटरनेशनल डेस्क।**

चीन ने अपने प्रथम मंगल अभियान के तहत एक 'रोवर भेजने के लिये कोविड-19 महामारी के बीच अपनी तैयारी जारी रखी है और इसके लिये 'लॉग मार्च-5 रॉकेट को प्रक्षेपण स्थल पर ले जाया गया है।'' तियानवेन-1 नाम से चीन का यह मंगल अभियान लाल ग्रह (मंगल) के लिये आगामी तीन अभियानों में एक है, जिनमें एक अमेरिका का और एक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का मिशन है। लॉग मार्च-5 रॉकेट चीन का सर्वाधिक भार वाहक प्रक्षेपण यान है और इसका तीन बार प्रयोग किया जा चुका है, लेकिन इसपर कभी पैलोड नहीं था। चीन का प्रथम मंगल अभियान बताये जा रहे ''तियानवेन-1 का उद्देश्य वैज्ञानिक आंकड़े जुटाने के लिये लाल ग्रह पर एक रोवर उतारना है। चीनी राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के हवाले से सरकारी मीडिया द्वारा जारी खबरों के मुताबिक रॉकेट जुलाई या अगस्त के अंत में हैनान प्रांत के दक्षिणी द्वीप में स्थित वेंचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाने वाला है। चीन के इस अभियान को उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में सर्वाधिक महत्वाकांक्षी माना जा रहा है। कोरोना वायरस महामारी फैलने के बावजूद इस अभियान की तैयारियां जोरों पर है, जबकि यूरोप और रूस ने मंगल पर इस साल की गर्मियों में रोवर भेजने की अपनी योजनाएं स्थगित कर दी है। अमेरिका कार से भी बड़े आकार का रोवर भेज रहा है, जिसका नाम 'परजरवेंस है। यह वहां के चट्टानों के नमूने एकत्र कर विश्लेषण के लिये करीब एक दशक में धरती पर लाएगा। इसका प्रक्षेपण 30 जुलाई से 15 अगस्त के बीच होने का कार्यक्रम है। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात का अमाल या ''होप नाम का अंतरिक्ष यान एक आर्बिटर है जिसे यूनिवर्सिटी ऑफ कोलेरैडो बोल्डर की साझेदारी से बनाया गया है और इसे सोमवार को जापान से प्रक्षेपित किये जाने का कार्यक्रम है। यह अरब जगत का पहला अंतर ग्रहीय अभियान होगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक अमेरिका ही एकमात्र ऐसा देश है जिसने मंगल पर सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारा है और उसने यह कमाल आठ बार किया।

नासा के दो लैंडर वहां संचालित हो रहे हैं, 'इनसाइट और 'क्यूरियोसिटी। छह अन्य अंतरिक्ष यान मंगल की कक्षा से लाल ग्रह की तस्वीरें ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका से तीन, यूरोपीय देशों से दो और भारत से एक है। मंगल ग्रह के लिये चीन ने अंतिम प्रयास रूस के सहयोग से किया था, जो 2011 में नाकाम रहा था।

## चंद्रमा को लेकर किये जाने वाले दावे निकले गलत

**वाशिंगटन ।** हाल ही में हुई एक स्टडी में यह खुलासा हुआ है कि हमारा चांद अभी जवान है। अभी तक चांद की जो उम्र मानी जा रही थी, उसके मुताबिक चांद करीब 8.50 करोड़ साल का है। जर्मन एयरोस्पेस सेंटर के वैज्ञानिकों ने चांद की नई उम्र का पता लगाया है। इस बार में जानकारी करने करने के लिए वैज्ञानिकों ने चांद की सतह से उठाए गए पत्थरों के नमूनों की जांच की है। ये नमूने अमेरिकी अंतरिक्ष मिशन अपोलो के दौरान उठाए गए थे। खबर के मुताबिक इस स्टडी पर रिसर्च करने वाले थ्रॉस्टेन क्लीन ने कहा कि अभी तक यह माना जाता था कि अगर हम चांद की सही उम्र का पता लगा लेते हैं तो उससे हमें धरती की सही उम्र का अंदाजा हो जाएगा। अभी तक ये माना जाता है कि चांद की उम्र 4.51 बिलियन साल है। तब एक थीया नाम का ग्रह धरती से टकराया था। इसके टकराने से पत्थर का एक बड़ा टुकड़ा अंतरिक्ष में चला गया, जो बाद में धरती का चांद बन गया। थीया नाम ग्रीक माइथोलॉजी से लिया गया है। थीया को सेलीन भी कहते हैं, जो कि चांद की मां थी। अपोलो चंद्रयात्रा षडयंत्र ...नासा के अपोलो मिशन से लाए गए पत्थरों की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि चांद की उम्र 4.42 बिलियन साल है। यानी पहले के मुताबिक 85 मिलियन साल कम उम्र है चाँद की। चांद जब धरती से अलग होकर अंतरिक्ष में गया तो वह इतना गर्म था कि उसके अंदर गर्म लावे का समुद्र बह रहा था।गलत थे पुराने दावे, जितना सोचा था उतना उम्रदराज नहीं है चांद !यह 3 करोड़ साल तक ऐसे ही गर्म रहा। जिसके बाद यह धीरे धीरे 20 करोड़ साल तक ठंडा होता रहा। इस दौरान चांद में अंतरिक्ष से पत्थर, उल्कापिंड आकर टकराते रहे और गर्म लावे को ठंडा करते चले गए, जिससे चांद जमता चला गया।

## अब और नहीं चलेगी चीन की दादागिरी, अमेरिका बोला-जवाब देने का वक्त आ गया है



**इंटरनेशनल डेस्क।**

अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दे। पोम्पिओ ने कहा कि दुनिया को बताने से काफी पहले ही चीन की सरकार को कोरोना वायरस के एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने के बारे में पता था। पोम्पिओ ने 'फोक्स न्यूज के बिल हेमर को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दक्षिणपूर्वी एशिया में ही नहीं बल्कि एशिया में, यूरोप में देशों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों के बारे में पता चल गया है। अमेरिका ने भी काफी लंबे समय तक इस पर गौर नहीं किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि उन सभी ने भी यही किया और मुझे लगता है कि अब वे सभी एक संयुक्त निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इसे सही करने का समय आ गया है। पोम्पिओ ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र और स्वतंत्रता से प्रेम करने वाले लोगों के लिए यह जरूरी है कि हम चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का जवाब दें। अमेरिका के विदेश मंत्री ने कहा कि लगातार 40 साल तक अमेरिकी प्रशासन दूसरी ओर देखता रहा और चीन को अमेरिका का फायदा उठाने का मौका दिया, अब और नहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका निष्पक्ष, पारस्परिक व्यापारिक संबंध बनाएगा और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से अमेरिकियों के साथ उसी तरह से व्यवहार करने की मांग करेगा जैसा अमेरिका वहां जाने वाले लोगों के साथ करता है। हेममर ने पोम्पिओ से हांगकांग आधारित वायरस विशेषज्ञ डॉ. यान ली-मेंग के उस दावे के बारे में भी पूछा, जिसमें उन्होंने कहा था कि बीजिंग को इस वायरस के एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने की जानकारी सार्वजनिक करने से तीन सप्ताह पहले ही इसके बारे में पता था। पोम्पिओ ने इसके जवाब में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी ऐसा ही किया और विश्व को इस खतरे से निपटने के लिए जो जानकारी हासिल होनी चाहिए थी, वह उसे नहीं दी गई। विश्व में कोरोना वायरस के सबसे अधिक 35 लाख से अधिक मामले अमेरिका में हैं और 1,37,000 से अधिक लोगों की इससे जान जा चुकी है।

पोम्पिओ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों और उनके परिवार के अमेरिका आने पर रोक लगाने की खबरों पर टिप्पणी करने से बचते दिखे। विश्व में कोरोना वायरस के सबसे अधिक 35 लाख से अधिक मामले अमेरिका में हैं और 1,37,000 से अधिक लोगों की इससे जान जा चुकी है। पोम्पिओ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों और उनके परिवार के अमेरिका आने पर रोक लगाने की खबरों पर टिप्पणी करने से बचते दिखे।

# लद्दाख में बोले राजनाथ सिंह, 1 इंच जमीन नहीं छीन सकता कोई, स्वाभिमान पर चोट बर्दाश्त नहीं




नेशनल डेस्क। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है और दुनिया की कोई भी ताकत उसकी एक इंच जमीन नहीं ले सकती। उन्होंने चीन के साथ सीमा पर चल रहे गतिरोध के मद्देनजर सुरक्षा हालात का जायजा लेने के लिए लद्दाख का दौरा करते हुए यह बात कही। लुकुंग में सेना और आईटीबीपी के जवानों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को हल करने के लिए बातचीत चल रही है लेकिन मैं इसकी गारंटी नहीं दे सकता कि इससे किस हद तक समाधान निकलेगा। राजनाथ ने पेंगोंग झील के तट पर स्थित लद्दाख में एक अग्रिम सैन्य चौकी पर कहा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है। दुनिया में कोई भी ताकत भारत की एक इंच जमीन को भी नहीं छू सकती। उन्होंने 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ झड़पों के दौरान भारत के 20 सैन्यकर्मियों की शहादत का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि हम अपने जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे। सिंह एक दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचे। रक्षा मंत्री के इस दौरे में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत और थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे भी उनके साथ हैं।

पूर्वी लद्दाख में पांच मई से भारत और चीन के सैनिकों के बीच गतिरोध चल रहा है। गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मियों के शहीद हो जाने के बाद यह तनाव बहुत अधिक बढ़ गया। पूर्वी लद्दाख में पांच मई से भारत और चीन के सैनिकों के बीच गतिरोध चल रहा है। गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मियों के शहीद हो जाने के बाद यह तनाव बहुत अधिक बढ़ गया।

हालांकि कई दौर की राजनयिक एवं सैन्य बातचीत के बाद छह जुलाई से दोनों ओर के सैनिक पीछे हटने लगे। बता दें कि हाल ही में भारत-चीन के बीच तनाव कुछ कम हुआ है और दोनों देशों की सेनाएं करीब दो-दो किमी पीछे हट चुकी हैं। भले ही चीनी सेना पीछे हट चुकी है लेकिन फिर भी भारत अलर्ट है और पड़ेसी देश की हर हरकत पर पूरी नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त समाचार



## फिर बंद हो सकते हैं तिरुपति मंदिर के दरबार! पुजारी समेत ट्रस्ट के 140 लोगों को कोरोना

नेशनल डेस्क। देश का सबसे अमीर माना जाने वाला तिरुपति बालाजी मंदिर पर कोरोना ने कहर मचा दिया है। तेज से पैर पसार रही यह महामारी अब तक ट्रस्ट के 140 से ज्यादा लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। इसमें 14 पुजारी भी शामिल हैं, ऐसें में मंदिर को बंद करने की मांग एक बार फिर उठ गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी ने मंदिर को बंद करने की खबरों का खंडन कर दिया है। उन्होंने कहा कि मंदिर में सार्वजनिक दर्शन को रोकने की कोई योजना नहीं है। रेड्डी ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए लोगों में से 70 रिकवर कर गए हैं। पॉजिटिव पाए गए लोगों में से ज्यादातर आंध्र पुलिस से है जो मंदिर के साथ काम कर रहे हैं, इनमें से केवल एक में कोरोना के गंभीर लक्षण दिखाए दिए। मंदिर के मुख्य पुजारी रमना दीक्षितुलु ने इस पर चिंता जताते हुए ट्वीट किया कि कोरोना पॉजिटिव 50 में से 15 को के वारंटाइन किया गया गया, अभी भी 25 नतीजों का इंतजार है। उन्होंने लिखा कि ने दर्शन को रोकने से इनकार कर दिया है, अगर यह जारी रहता है तो कार्रवाई करें। वहीं कर्मचारी संगठनों ने भी ट्रस्ट से मांग की है कि मंदिर को फिलहाल बंद कर दिया जाए, ताकि बाकी कर्मचारियों और पुजारियों में कोरोना फैलने से रोका जा सके। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी आंध्र सरकार से मांग की है कि स्थिति को बिगड़ने से पहले जरूरी कदम उठाने चाहिए।

# 12 साल की बच्ची से देह व्यापार करवाने वाली दिल्ली की लेडी डॉन सोनू पंजाबन दोषी करार



नेशनल डेस्क।

दिल्ली में जिस्मफरोशी का सबसे बड़ा रैकेट चलाने वाली सोनू पंजाबन उर्फ गीता अरोड़ा पहली बार किसी केस में दोषी करार दी गई है। सोनू पंजाबन को 12 साल की बच्ची के अपहरण, देह व्यापार और मानव तस्करी के आरोप में दिल्ली की द्वारका कोर्ट ने दोषी करार दिया है। सोनू पंजाबन के साथ एक और आरोपी संदीप बेदवाल को भी अदालत ने दोषी माना है। साल 2009 में दिल्ली के हर्ष विहार इलाके की रहने वाली 12 साल की बच्ची का अपरहण हुआ था। 5 साल बाद वो बच्ची 2014 में नजफगढ़ थाने पहुंची और उसने आपबीती बताई। बच्ची ने पुलिस को बताया कि साल 2006 में जब वो 6वीं क्लास में पढ़ रही थी तब उसकी दोस्ती संदीप बेदवाल नाम के शख्स से हुई। साल 2009 में संदीप ने बच्ची को शादी का झांसा दिया और अपने साथ बहाने से लक्ष्मी नगर ले गया और वहां उसने उसके साथ रेप किया। इसके बाद संदीप ने बच्ची को अलग-अलग लोगों को 10 बार बेचा। बीच में बच्ची सोनू पंजाबन के पास भी रही जिसने उसे जिस्मफ़रोशी के धंधे में जबरन धकेल दिया। बच्ची ने पुलिस को बताया कि उसे नशे के इंजेक्शन दिए जाते थे। जब वो किसी के पास जाने से मान करती तो उसे बुरी तरह से पीटा भी जाता था। इस दौरान बच्ची को दिल्ली से हरियाणा और पंजाब भी भेजा जाता था। आखिर में एक सतपाल नाम के शख्स ने बच्ची से जबरदस्ती शादी कर ली। बच्ची किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर नजफगढ़ थाने पहुंची। सोनू पंजाबन दिल्ली और आसपास के राज्यों में देह व्यापार का धंधा चलाने के लिए जानी जाती थी और कई बार दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था लेकिन हर बार वो छूट जाती थी। लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार 16 जुलाई को सोनू पंजाबन दोषी ठहराई गई।

## शर्मनाक : न कोई दे रहा राशन तो न ही भरने दिया जा रहा नल से पानी

साम्बा। कोरोना को लेकर सरकार द्वारा बार-बार संदेश प्रसारित किया जा रहा है कि 'हमें बीमारी से लडना है, बीमार से नहीं', लेकिन इसके बावजूद कोरोना संक्रमितों और उनके परिजनों को सामाजिक भेदभाव का शिकार होना पड़ रहा है। विजयपुर के वार्ड-1 में पॉजिटिव पाए गए सीआरपीएफ जवान का परिवार कुछ ऐसी ही परेशानियों से गुजर रहा है। परिवार का एक व्यक्ति (सीआरपीएफ जवान), जो श्रीनगर से लौटा था, गत 8 जुलाई को कोरोना संक्रमित पाया गया था। जवान को अस्पताल ले जाया गया लेकिन पीछे होम कवारंटीन किए गए परिवार के सदस्यों पर जैसे मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रशासन ने घर के बाहर कांटेदार तार लगा कर सील कर दिया। बाद में कोई हाल पूछने नहीं गया। आसपड़ोस के लोगों ने भी दूरी बना ली। हालत यह हुई स्थानीय दुकानदारों ने राशन देना बंद कर दिया। पड़ोसियों ने नल से पानी तक नहीं भरने दिया। परिवार के सदस्य गोविंद राम ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों की रिपोर्ट भी नेगेटिव आ चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उनके साथ भेदभाव किया गया। हालांकि यह सभी लोग अभी घर में ही कैद हैं लेकिन इनका कहना है कि इस प्रकार का सामाजिक भेदभाव नहीं होना चाहिए और इंसानियत के नाते ही मदद की जानी चाहिए। लोगों के इस रवैये से दुखी गोविंद राम ने बताया कि परिवार के कोरोना संक्रमित आने में परिवार को क्या दोष है।

## रामगढ़ : खेत में पड़ा मिला पुराना जीवित मोर्टार शेल, जवानों ने मौके पर पहुंच कब्जे में लिया



साम्बा। जिले के रामगढ़ क्षेत्र में वीरवार को एक मोर्टार शेल मिला। रामगढ़ क्षेत्र में भारत-पाक सीमा से सटे गांव दग छन्नी फतवाल के एक किसान को अपने खेतों में काम करते समय यह पुराना मोर्टार शैल मिला जो जीवित था। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय काम करने पहुंचे स्थानीय किसान बाबूराम को खेत में यह मोटार्र शेल पड़ा मिला तो उसने पास ही स्थित चमलियाल पुलिस चौकी को सूचित किया। इसके अलावा इलाके में तैनात बीएसएफ कर्मियों को भी इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही बीएसएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इस मोर्टार शेल को अपने कब्जे में ले लिया। इसके पश्चात सुरक्षा बलों ने इस निष्क्रिय बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

## मुंबईः इमारत गिरने से मरने वालों की संख्या 6 हुई, 12 घंटे बाद भी रेस्क्यू जारी



नेशनल डेस्क। मुंबई के फोर्ट इलाके में एक इमारत गिरने से घायल हुए चार लोगों की मौत होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई। घटनास्थल पर तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। पिछले 12 घंटे से रेस्क्यू जारी है, निकाय अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह यह जानकारी दी। गुरुवार शाम 4 बजकर 45 मिनट के करीब फोर्ट क्षेत्र में छह मंजिला इमारत 'भानुशाली के कोने का एक हिस्सा गिर गया और दो लोगों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से निकालकर अस्पताल पहुंचाए गए तीन लोगों को अस्पताल ने गुरुवार को मध्यरात्रि में मृत घोषित कर दिया जबकि 62 वर्षीय एक महिला की मौत शुक्रवार सुबह हो गई। उन्होंने बताया कि महिला को मलबे से निकालकर जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि तीन और लोग घायल हैं जिनमें से 17 वर्षीय एक किशोर की हालत नाजुक है।

# राहुल गांधी ने बताया- क्यों भारत का दुश्मन बना चीन, जारी किया अपना वीडियो

नेशनल डेस्क।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश तथा आर्थिक नीतियों को बेहद कमजोर बताया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के प्रति जनता का विश्वास डगमगाया है जिसे देखते हुए चीन को लगा कि यही अनुकूल समय है और इसका फायदा उठाकर उसने हमारी सीमाओं में घुसपैठ करने का दुस्साहस किया है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जारी एक वीडियो में कहा कि किसी भी देश की रक्षा किसी एक बिंदु पर नहीं टिकी होती है बल्कि यह कार्य कई शक्तियों का संगम होता है जिसमें विदेश तथा आर्थिक नीति और जनता की सरकार के प्रति विश्वास जैसे तत्व शामिल हैं लेकिन पिछले छह साल के दौरान भारत इन सब बिंदुओं पर परेशान और अस्तव्यस्त रहा है। दुनिया के कई देशों के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे थे। अमेरिका के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि रूस हमारा परंपरागत मित्र रहा है और दुनिया के साथ इन देशों ने भारत के सम्बन्ध बेहतर बनाने में मदद की लेकिन आज हमारे पास एक ऐसा भारत है जो आर्थिक रूप से बहुत मुश्किल में है। जहां तक उसकी विदेश नीति का सवाल है तो आज अपने पड़ोसियों के साथ हमारे संबंध बहुत ठीक नहीं है। इससे पहले नेपाल, भूटान, श्रीलंका हमारे मित्र राष्ट्र थे। पाकिस्तान के अलावा सारे पड़ोसी भारत के साथ काम कर रहे थे और उन्होंने खुद को भारत के साथ भागीदार के रूप में देखा। राहुल गांधी ने कहा कि आज स्थिति इसके एकदम उलट है। हमारे संबंध पड़ोसियों के साथ खराब हुए हैं इसीलिए श्रीलंका ने चीनियों को एक बंदरगाह दे दिया है। मालदीव परेशान है, भूटान परेशान है। हमने अपने विदेशी सहयोगियों और अपने पड़ोस से रिश्ते खराब कर लिए हैं और इसी स्थिति को देखते हुए चीन ने फैसला किया कि संभवतः यह सबसे अच्छा समय है और इसलिए उसने हमारे साथ सीमा पर ऐसी हरकत की।

## संक्रमितों के संपर्क में आए 31 लोगों के होंगे कोविड टेस्ट, एसडीएम विजयपुर ने किया हॉट स्पॉट का दौरा

साम्बा। विजयपुर के वार्ड-10 और वार्ड-5 में पाए गए कोरोना संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की प्रशासन ने तलाश शुरू कर दी है। सनद रहे कि गत दिवस कस्बे के वार्ड-10 में एक बैंक कर्मी कोरोना संक्रमित पाया गया था, जो गत दिनों कारगिल से लौटा था। वहीं वार्ड-5 में भी एक बुजुर्ग महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी। हालांकि इस महिला का कोई यात्रा इतिहास नहीं है और यह आप्रेशन से पहले कराए गए अनिवार्य कोविड टेस्ट में पाजिटिव पाई गई थी। इनके पाजिटिव आने के बाद दोनों के घरों को सील कर दिया गया है और आसपास रहने वाले लोगों के बाहर आने पर रोक लगा दी गई है। विजयपुर के एसडीएम सीपी कोतवाल ने नोडल अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य व पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ड-10 में बनाए गए हॉट स्पाट क्षेत्र का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने संक्रमितों के घरों के आसपास रहने वाले लोगों से कहा कि वह घरों से बाहर न निकलें और किसी भी प्रकार की जरूरत होने पर नोडल अधिकारी से संपर्क करें। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि फिलहाल 31 से अधिक लोगों की पहचान की गई। इन सभी लोगों के शुक्रवार को सेंपल लिए जाएंगे। फिलहाल घर पर ही रखे गए यह लोग शुक्रवार को एंबुलेंस से ठंडी खुई ले जाए जाएंगे।

## बीएसएफ के हाथ लगा सिरफिरा इंजीनियर, पाकिस्तानी लड़की के प्यार में क्रास करने चला था बॉर्डर




नेशनल डेस्क।

पाकिस्तानी युवती के प्रेम में पागल हुए महाराष्ट्र के एक इंजीनयरिंग छात्र को गुजरात के कच्छ जिले में बॉर्डर पार की कोशिश करते समय सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ) ने पकड़ लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के ओस्मानाबाद जिले के निवासी जीशानुदीन सलीमुद्दीन सिद्दिकी को कल खावड़ा क्षेत्र में कांढवांढ के पास सीमा के निकट से पकड़ा गया था। वह मोटरसाइकिल से लगभग एक हफ्ते पहले अपने घर से निकला था। उसके परिजनों ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। प्राथमिक जांच में यह सामने आया था कि वह सोशल मीडिया पर किसी पाकिस्तानी लड़की के साथ संपर्क में था। उसने फोन पर उससे बातें भी की थी। वह उससे मिलने के लिए ही घर से निकला था। कुछ दिनों से वह कच्छ में घूम रहा था। स्थानीय लोगों से उसने पाकिस्तान सीमा का रास्ता पूछा था। बरसात के कारण सीमावर्ती कच्छ के रण क्षेत्र में पानी और कीचड़ होने की वजह से उसकी मोटरसाइकिल एक जगह कीचड़ बाद वह पैदल ही सीमा की ओर बढ़ा था। बीएसएफ गश्ती दल ने उसे पकड़ लिया, फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी तथा हनीट्रैप (यानी सुंदर लड़कियों के जरिए जासूसी के लिए भारतीय लोगों को जाल में फंसाने) की आशंका की भी जांच की जा रही है।

## ट्विटर हैकिंग: महाराष्ट्र साइबर विभाग ने सोशल मीडिया साइटों से सतर्क रहने को कहा

नेशनल डेस्क।

अमेरिका में कई बड़ी हस्तियों के ट्विटर अकाउंट हैक होने के बाद महाराष्ट्र साइबर विभाग ने लोगों की निजता और उनकी जानकारियां सुरक्षित रखने के लिए सभी सोशल मीडिया मंचों से तमाम एहतियाती कदम उठाने को कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य की साइबर शाखा ने ट्विटर से कहा कि प्रमुख हस्तियों और सत्यापित यूजर्स (उपयोगकर्त्ताओं) के अकाउंट की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी जिम्मेदारी है। अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र साइबर विभाग ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे अन्य सोशल मीडिया मंचों को भी परामर्श जारी कर उनसे लोगों की निजता एवं जानकारियों की रक्षा करने की दिशा में कदम उठाने को कहा है। अधिकारी ने कहा कि कुछ दिनों पहले ट्विटर पर हुए सुरक्षा उल्लंघन के मद्देनजर सतर्क रहने और भारतीय साइबर स्पेस को सुरक्षित रखने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि साइबर शाखा भारत में इस तरह के किसी भी खतरे को लेकर सतर्कता बरत रही है। गौरतलब है कि ट्विटर पर अज्ञात हैकरों ने बुधवार को तकनीकी क्षेत्र के दिग्गज लोगों, नेताओं, मशहूर हस्तियों और कई बड़ी कम्पनियों के अकाउंट हैक कर लिए थे।मशहूर हस्तियों और कई बड़ी कम्पनियों के अकाउंट हैक कर लिए थे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, राष्ट्रपति चुनाव के डेमोक्रटिक उम्मीदवार जो बाइडेन, माइक ब्लूमबर्ग और अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस, माइक्रोसॉफ्ट के सह- संस्थापक बिल गेट्स और टेस्ला के सीइओ एलोन मस्क इसके शिकार हुए।

## सुप्रीम कोर्ट के वकील इकट्ठे कर रहे 50 पैसे के 200 सिक्के




नेशनल डेस्क। सुप्रीम कोर्ट के वकील इन दिनों 50 पैसे के सिक्के ढूंढ रहे हैं। वकीलों को 50 पैसे के कुल 200 सिक्के चाहिए। अभी उनके पास सिर्फ 75 सिक्के इकट्ठे हुए हैं। वकीलों के पास जब 200 सिक्के यानि कि 100 रुपए इकट्ठे हो जाएंगे तो वो इनको सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करवाएं, यह वकीलों का एक सांकेतिक विरोध है। दरअसल पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने वकील रीपक कंसल पर 100 रुपए जुर्माना लगाया था। जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस एम आर शाह की बेंच ने रीपक कंसल की याचिका में लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए 100 रुपए का सांकेतिक जुर्माना लगाया था। ताकि 100 रुपए जमा करवाए जा सकें। वकील रीपक कंसल ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री पर आरोप लगाया था इसी के विरोध में कोर्ट के वकील 50 पैसे के 200 सिक्के इकट्ठे कर रहे हैं ताकि 100 रुपए जमा करवाए जा सकें। वकील रीपक कंसल ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री पर आरोप लगाया था कि रजिस्ट्री, कुछ मामलों (केस) को लिस्ट करने में भेदभाव और अनुचित प्राथमिकताएं दिखा रही है। कोर्ट ने इस आरोप को बेबुनियाद बताया और जुर्माना लगाया था।

# भारत में कोरोना मरीजों की संख्या 10 लाख पार, एक दिन में आए 34 हजार से ज्यादा केस



नई दिल्ली।

देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटे में राहत की बात यह रही कि इस महामारी से लगभग 23 हजार लोग रोगमुक्त हुए जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 6.35 लाख के पार पहुंच गई। यह पहली बार है जब देश में एक दिन में 22,942 लोग स्वस्थ हुए हैं और यह राहत भरी खबर ऐसे दिन आई जिस दिन संक्रमण के नए मामलों का आंकड़ा रिकॉर्ड 34,956 आने से संक्रमितों की संख्या 10 लाख के पार पहुंच गई है। दस लाख का अंकड़ा पार करने वाला भारत तीसरा देश है। पहले स्थान पर अमेरिका है जहां सबसे अधिक 35,74,371 मामले और दूसरे स्थान पर स्थित ब्राजील में 20,1,2515 मामले हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,03,832 तथा मृतकों की संख्या 687 बढ़कर 25,602 हो गई है। अब तक कुल 6,35,757 रोगमुक्त हो चुके हैं तथा देश में कोरोना संक्रमण के 3,42,473 सक्रिय मामले हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति में सुधार होता दिख रहा है लेकिन महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र में संक्रमितों की संख्या जहां 2.84 लाख से अधिक, तमिलनाडु में करीब 1.56 लाख और दिल्ली में 1.18 लाख से अधिक हो गयी है, वहीं कर्नाटक 50 हजार से अधिक संक्रमितों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। विभिन्न राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान स्थिति पर नजर डालें तो सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में इस दौरान संक्रमण के 8,641 नए मामले सामने आए और 266 लोगों की मौत हुई। वहां अब संक्रमितों का आंकड़ा 2,84,281 और मृतकों की संख्या 11,194 है, वहीं 1,58,140 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंचे तमिलनाडु में इस दौरान संक्रमण के 4,549 मामले सामने आये और 69 लोगों की मौत हुई जिससे संक्रमितों की संख्या 1,56,369 और मृतकों का आंकड़ा 2,236 हो गया है। राज्य में 1,07,416 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है।

## दुबई के अस्पताल ने दिखाया बड़ा दिल, भारतीय का डेढ़ करोड़ का कोरोना बिल किया माफ



नेशनल डेस्क। कोरोना काल में जहां अपने ही अपनों से मुंह फेर रहे हैं तो वहीं दुबई से दिल छू देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक अस्पताल ने कोरोना से पीड़ित एक भारतीय का 1.52 करोड़ का बिल माफ कर दिया। इतना ही नहीं अस्पताल प्रशासन ने खुद ही फ्लाइट की टिकट बुक करवा कर उसे भारत भेजा। जानकारी के अनुसार तेलंगाना के 42 वर्षीय ओदनला राजेश दुबई में रहते हैं। कोरोना की चपेट में आने के चलते 23 अप्रैल को उन्हे दुबई के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 80 दिनों तक चले ईलाज के बाद राजेश का बिल 7,62,555 दिरहम यानी की (1 करोड़ 52 लाख रुपए) बना। इतनी भारी रकम भरना राजेश के लिए आसान नहीं था, ऐसे में दुबई में 'गल्फ वर्कर्स प्रोटेक्शन सोसाइटी' के अध्यक्ष गुंदेली नरसिम्हा उनकी मदद के लिए आगे आए। गुंदेली ने यह मामला दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी सुमनाथ रेड्डी के सामने रखा। फिर राजदूत हरजीत सिंह ने दुबई के अस्पताल प्रबंधन को एक चिट्ठी लिखी और मानवीय आधार पर बिल माफ करने की गुजारिश की, जिसके बाद अस्पताल ने भी दिल बड़ा दिखाते हुए पूरा बिल माफ कर दिया। बस इतना ही नहीं अस्पताल के प्रशासन ने राजेश और उनके एक साथी को भारत जाने के लिए एयर इंडिया का फ्री टिकट और जेब खर्च के लिए 10,000 रुपए भी दिए।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी फिर विवाद में दो प्रोफेसरों पर अश्लील मांग का आरोप

**क्रांति समय सुरत**

राजकोट, सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी फिर एक बार विवाद में आ गई हैं। एक छात्रा ने ई मेइल के जरिए किए ई मेइल में आरोप लगाया है कि 2018–19 में जब वह एम.पी. ईडी की पढ़ाई कर रही थी, तब प्रोफेसर डॉ. विक्रम वांकाणी और भगीरथसिंह राठौड़ शारीरिक एवं में एम.पी.ईडी की पढ़ाई बीच में छोड़ दी।

छात्रा के मुताबिक दोनों प्रोफेसरों का दबदबा देख उस वक्त किसी से शिकायत नहीं में प्रवेश पर रोक लगा दी है। कुलपति के मुताबिक इस मामले में आंतरिक शिकायत निवारण समिति विद्यार्थियों का बयान दर्ज करेगी और यदि कोई दोषी पाया जाता



दो प्रोफेसरों के खिलाफ शिकायत की गई है।

छात्रा का आरोप है कि यूनिवर्सिटी के दो प्रोफेसरों ने उससे अश्लील मांग की थी। उपलेटा की छात्रा ने कुलपति को मानसिक यातनाएं देते थे।

रात 10 बजे मैसेज करते और कहते कि यदि वह उनकी बात मानेगी तो एम.पी.ईडी में गोल्ड मैडल दिलवाएंगेद्य प्रोफेसरों की परेशान होकर मैंने 2019–20 कीद्य लेकिन मौजूदा समय को देखते हुए मैंने हिम्मत जुटाई और शिकायत की।

छात्रा की शिकायत के बाद फिलहाल कुलपति ने 15 दिनों के लिए प्रोफेसरों पर कैम्पस है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगीद्य कुलपति ने कहा कि प्रोफेसरों का साथ देनेवाले या उसे बचाने का प्रयास करनेवालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# तीन साल तक पिता ने किया बेटी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर भांडा फूटा

**क्रांति समय सुरत**

गिरसोमनाथ, पिता–पुत्री के पवित्र संबंधों को कलंक लगाने वाली घटना सामने आई है।

गिर सोमनाथ जिले के भाचा गांव में पिता पिछले तीन साल से अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा।

पुत्री के गर्भवती होने पर पिता के दुष्कृत्य का भांडा फूट गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक गिरसोमनाथ जिले की ऊना तहसील के भाचा गांव निवासी दुदा बांभणिया नामक शख्स मज. दूरी कर परिवार का जीवनयापन करता है।



पिछले तीन साल से दुदा अपनी सगी बेटी के साथ रात्रि के दौरान डरा धमका कर घर के अंदर में दुष्कर्म कर रहा थाद्य पिता ने बेटी को धमकी दी थी कि उसने यदि किसी से कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा।

धमकी के भयभीत बेटी सब कुछ बर्दाश्त करती रहीद्य ले. किन पिता के पाप का भांडा एक न एक दिन तो फूटना ही था।

पिता के दुष्कर्म से पुत्री गर्भवती हो गई।

सात महीने की गर्भवती लड़की ने जब अपनी बहन और माता से पिता की करतूतों की शिकायत की तो वह चौंक पड़ीं और तत्काल पुलिस से शिकायत कर दी।

जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी दुदा बांभणिया को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की है।

# बाइक चलाते वक्त जेब में रखा मोबाइल फटा, सड़क पर गिरे युवक की मौत

**क्रांति समय सुरत**

मोरबी, मोरबी में मोटर साइकिल पर जा रहे युवक की पेंट की जेब में रखे मोबाइल में अचानक ब्लास्ट हो गयाद्य मोबाइल फटने से बाइक स्लीप हो गई और सड़क पर गिरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी 27 वर्षीय गुड्डु सहानी नामक युवक मोरबी जिले की वांकानेर तहसील के वघासिया गांव स्थित जीआईडीसी की चिराग इंजीनियरिंग वर्क्स में नौकरी करता थाद्य गत 15 जुलाई की रात 11 बजे गुड्डु मोटर साइकिल पर मोरबी–वांकानेर नेशनल हाईवे पर बंधुनगर गांवके निकट से मोरबी की ओर जा रहा था।

उस दौरान गुड्डु की पेंट की जेब में रखा रेडमी कंपनी का मोबाइल में अचानक ब्लास्ट हो गया और मोटर साइकिल स्लीप हो गई।

बाइक स्लीप होने से गुड्डु सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

गंभीर हालत में गुड्डु को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

मोरबी तहसील पुलिस मामले की जांच कर रही है

# पार्किंग के पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, दो गाड़ियों में लगाई आग

**क्रांति समय सुरत**

सूरत, सूरत के सचिन क्षेत्र में पार्किंग के मुद्दे पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प से अफरातफरी मच गई।

इस घटना में कई लोग घायल हो गएद्य इस दौरान दो गाडियों में आग लगा दी गईद्य जानकारी के मुताबिक सूरत के सचिन क्षेत्र के साईं सूडा आवास में देर रात स्थानीय युवक द्वारा मोटर साइकिल पार्क किए जाने गैरेजवाले ने उसे थप्पड़ जड़ दिया।

थप्पड़ खानेवाले युवक ने अपने दोस्त करन को बुला लियाद्य दूसरी ओर गैरेजवाले ने समाधान के लिए अपने तीन साथियों को बुला लिया। मध्यस्थता करने पहुंचे तीन लोगों पर करन समेत उसके साथियों ने तलवार जैसे तीक्ष्ण हथियार से हमला कर दिया।

जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गएद्य इस घटना से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

इस दौरान वहां पार्क दो गाड़ियों में आग लगा दी।

सूचना मिलते ही सचिन पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल भेज दिया

और मामला दर्ज कर वहां मौजूद आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# प्रेमिका को मिलने पाकिस्तान जा रहा युवक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गिरफ्तार

**क्रांति समय सुरत**

कच्छ, सीमा सुरक्षा बल ने कच्छ के धोलावीरा के निकट से एक युवक पकड़ा है जो अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए सीमा पर पाकिस्तान में घुसने का प्रयास कर रहा था।

युवक के बारे में महाराष्ट्र पुलिस से पहले ही सूचना मिल गई थी।

जिसके आधार पर बीएसएफ ने कच्छ के धोलावीरा के निकट से धरदबोचा शुरुआती पूछताछ में युवक ने बताया कि वह पाकिस्तान स्थित अपनी प्रेमिका से मिलने जा रहा था।

फेसबुक के जरिए युवक का पाकिस्तानी युवती के साथ संपर्क हुआ और उससे प्यार करने लगा। युवती से मिलने के लिए सीमा पार कर पाकिस्तान जाना चाहता था।

फिलहाल बीएसएफ युवक से पूछताछ कर रही है कि क्या उससे कोई गुप्त जानकारी तो नहीं मांगी गई या वह हनीट्रेप में तो नहीं फंसा। बीएसएफ की पूछताछ के बाद युवक को महाराष्ट्र पुलिस के हवाले किया जाएगा।





# भारत–चीन सीमा विवाद का गुजरात के मत्स्योद्योग पर बुरा असर

**क्रांति समय सुरत**

अहमदाबाद , भारत और चीन के बीच जारी सीमा विवाद का गुजरात के मत्स्योद्योग पर बुरा असर हुआ है। दोनों के बीच तनाव के चलते निर्यात ठप होने से मत्स्योद्योग को करीब 1300 करोड़ का नुकसान हुआ है।

जिस प्रकार भारत में चीन के मोबाइल का क्रेज है, उसी प्रकार चीन में गुजरात की मछलियों का क्रेज हैं

गुजरात के तटीय क्षेत्र से बड़े पैमाने पर मछलियों का निर्यात चीन में किया जाता है और उससे प्रति वर्ष 5000 करोड़ का टर्नओवर होता है।

लेकिन भारत–चीन सीमा विवाद से मत्स्योद्योग प्रभावित हुआ है।

पहले 5000 करोड़ का निर्यात किया जाता था, जो अब घटकर



3700 करोड़ रुपए रह गया हा। गुजरात के समुद्र से पकड़ी जाती 70 प्रतिशत मछलियों का निर्यात चीन में किया जाता है, लेकिन लॉकडाउन और सीमा विवाद के कारण फिलहाल निर्यात में 25 प्रतिशत की कमी आई है।

सी फूड एक्सपोर्ट के मुताबिक इस साल यूरोपियन देश, यूएसए और चीन समेत अन्य देशों में मछलियों का निर्यात घटा है। सौराष्ट्र के वेरावल से हर साल करोड़ों रुपए की मछलियां विदेशों में निर्यात की जाती हैं और उसमें सबसे अधिक 70 फीसदी मछलियां चीन भेजी जाती हैं। चीन में गुजरात के समुद्र में पाई जाती रिबन फिश, कोकर और

लेधर झेक्ट मछलियों की जबर्दस्त मांग है। वेरावल में फिश के 75 प्रोसेसिंग यूनिट, 59 आईस फैक्ट्री और 53 फिश प्लान्ट हैं। हजारों लोगों को मत्स्योद्योग के जरिए रोजगार मिलता है। मौजूदा स्थिति के देखते हुए मछुआरे और फिश निर्यातकों ने अन्य देशों में मछली निर्यात करने की सरकार से मांग की है।

# उच्च वेतनमान संबंधी 25 जून 2019 के पत्र का अमल स्थगित रखा जाएगा

## शिक्षक समुदाय के व्यापक हित में मुख्यमंत्री का निर्णय, शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

**क्रांति समय सुरत**

अहमदाबाद , अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राज्य के प्राथमिक शिक्षक संघ और गुजरात शैक्षिक महासंघ की उच्च वेतनमान से संबद्ध मांगों पर अनुकूल और संवेदनशील प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार के 25 जून, 2019 के पत्र का अमल स्थगित रखने का निर्णय किया है। इस निर्णय का फायदा राज्य के लगभग 65 हजार से अधिक शिक्षकों को मिलेगा।

शिक्षा मंत्री भूपेन्द्रसिंह चूड़ासमा ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि इस पत्र को लेकर शिक्षक संघों और शिक्षक जगत में जो असंतोष व्याप्त था, वह अब मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पूर्णतः दूर हो गया है। शिक्षा राज्य मंत्री विभावरीबेन दवे की उपस्थिति में गुजरात राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ और शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों के साथ सफल बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के इस पत्र के संदर्भ में शिक्षक संघों की ओर से उठाई गई मांगों के मामले में गत 15 दिनों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षा मंत्री के स्तर पर तथा अंतिम निर्णय के लिए मुख्यमंत्री के स्तर पर परामर्श किया गया था। तदनुसार मुख्यमंत्री ने शिक्षक समुदाय के व्यापक हित में निर्णय लेकर 25 जून, 2019 के शिक्षा विभाग के इस पत्र का अमल स्थगित करने का विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नेतृत्व में किसी भी समस्या या मुद्दे के निवारण के लिए वाद–विवाद नहीं बल्कि संवाद का मार्ग अपनाती आई है। इस मसले को लेकर भी शिक्षक संघों के साथ अनुकूल वातावरण में लंबी चर्चा और विचार के बाद यह अंतिम निर्णय लिया गया है। शिक्षक संगठनों ने इस सुखद निर्णय के लिए मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनका आभार जताया है। चूड़ासमा ने कहा कि अतीत की बात हो या भविष्य की, भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी वर्ग, संवर्ग या शिक्षकों की भावनाओं और मांगों को ध्यान में रखकर उनके हित में ही निर्णय करती आई है और हमेशा ही इस बात का ध्यान रखेगी कि किसी का भी अहित न हो। उन्होंने राज्य के शिक्षक समुदाय को इस बात का भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को लेकर किसी भी व्यक्तिगत या सामूहिक तौर पर शिक्षक को किसी संवर्ग में आर्थिक नुकसान न हो इसका ध्यान रखने को मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की सरकार संकल्पबद्ध है। चूड़ासमा ने इस पूरे मामले को लेकर शिक्षक संघों और संगठनों को गुमराह कर मामले को राजनीतिक रंग देने के विपक्ष के प्रयासों की आलोचना भी की। उन्होंने राज्य सरकार पर भरोसे के साथ धैर्य रखने वाले शिक्षक संगठनों और शिक्षक जगत का आभार व्यक्त किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस परिपत्र के अमल संबंधी छोटी–बड़ी सभी बाधाओं को दूर कर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के विशाल हित में आज यह निर्णय किया है।







स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)